आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

# यश भारत

जबलपुर ● गुरुवार, 1 जुलाई 2021

# जबलपुर के सर्वश्रेष्ट डॉक्टर्स बड़ेरिया मेट्रोप्राइम में

जबलपुर में पिछले 15 वर्षों से लगातार अपनी सेवाएं दे रहा, मेट्रो हॉस्पिटल अब बड़ेरिया मेट्रो प्राइम मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के नए नाम के साथ जबलपुर ही नहीं संपूर्ण महाकौशल का नं. 1 हॉस्पिटल बन गया है। जहां कोरोना काल में मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल के चिकित्सकों के प्रयास से 99 प्रतिशत से अधिक मरीजों की जान बचाई गई। वहीं नर्सिंग एवं अन्य सेवाओं से मरीजों ने हॉस्पिटल की जमकर तारीफ की। क्रिटिकल केयर हेतु जहां गंभीर मरीजों के ईलाज हेतु अनुभवी एवं कुशल चिकित्सक हैं, वहीं अस्पताल की आधुनिक मशीनों एवं नर्सिंग केयर के कारण बड़ेरिया मेट्रोप्राइम हॉस्पिटल संपूर्ण महाकौशल में सबसे विश्वसनीय नाम बनकर उभरा है। सघन चिकित्सा में डॉ. शैलेन्द्र राजपूत एवं डॉ. चेस्ट फिजिशियन डॉ. अरविन्द जैन की टीम द्वारा लगातार आधुनिक चिकित्सा प्रोटोकाल को अपना कर हर गंभीर मरीज के ईलाज हेतु दिन रात सेवारत है। उसी का परिणाम है कि मेट्रो प्राइम की आईसीसीयू में गंभीर से गंभीर मरीजों का ईलाज सफलता पूर्वक हो रहा है।



**डॉ. शैलेन्द्र राजपूत**
एम डी मेडिसिन
जनरल फिजिशियन



**डॉ. अरविन्द जैन**
एम बी बी एस, एम डी
चेस्ट फिजिशियन

डॉ. शैलेन्द्र राजपूत पिछले 15 वर्षों से शुगर, थायराइड, हार्ट, लीवर पाइजन, डेंगू, स्वाइन फ्लू, अस्थमा, मल्टी आर्गन फेलियर जैसी गंभीर बीमारियों के ईलाज हेतु जाने जाते है।

## नई तकनीक के साथ नई टीम

"नई तकनीक, नई टीम के साथ अब मेट्रो हॉस्पिटल हुआ बड़ेरिया मेट्रो प्राइम मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल जहां पिछले 1 वर्ष में संपूर्ण हॉस्पिटल की सुविधाएँ आधुनिक की गई है। साथ ही शहर के सभी कुशल एवं अनुभवी डाक्टर्स की टीम द्वारा जबलपुर में महानगरों के स्तर की स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराई जा रही हैं, पिछले १ वर्ष में शहर के प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय सेठ, डॉ. राजीव सावंत, डॉ. हर्ष सक्सेना, डॉ. विशाल बढेरा, डॉ. राजेश पटेल, डॉ. डी.यू. पाठक, डॉ. कृष्णकांत एवं डॉ. जितेन्द्र परियानी द्वारा अपने-अपने विभागों में मरीजों को सर्वश्रेष्ठ ईलाज दिया जा रहा है।

### डिपार्टमेंट ऑफ़ न्यूरोसर्जरी



**डॉ हर्ष सक्सेना**
एमबीबीएस
डीएनबी (न्यूरोसर्जरी)

**वरिष्ठ मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ**

जबलपुर शहर के वरिष्ठ अनुभवी एवं कुशल मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी के रोगों के विशेषज्ञ द्वारा अपने नियमित सेवाएँ बड़ेरिया मेट्राप्राइम में प्रतिदिन दी जा रही है। जहां उनके द्वारा ओपीडी में प्रतिदिन परामर्श दिया जा रहा है। बिना टांके चीरे के नाक के रास्ते वोन ट्यूमर के ऑपरेशन, रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन एवं बिना बेहोशी दिये मरीज के डिस्क के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है, इस तरह के ऑपरेशन होना महाकोशल के लिये एक उपलब्धि है।

### डिपार्टमेंट ऑफ़ नेफ्रोलॉजी



**डॉ. विशाल बढेरा**
एम. डी., डी. एन. बी.

**वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ**

महाकौशल के वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ विशाल बढेरा प्रतिदिन बड़ेरिया मेट्रो हॉस्पिटल की ओपीडी में प्रातः 12 बजे तक मरीजों को परामर्श दे रहे हैं। साथ ही डॉ बढेरा के मार्गदर्शन में हॉस्पिटल के किडनी रोग विभाग द्वारा प्रतिदिन डायलिसिस भी किया जा रहा है। जिससे सैकड़ों मरीजों का लाभ प्राप्त हो रहा है। वहीं किडनी के गंभीर मरीजों का ईलाज हेतु पृथक से आईसीसीयू स्थापित किया गया है। आयुष्मान भारत एवं सीजीएचएस. सीएसएम मरीज भी डायलिसिस का लाभ प्राप्त कर रहे है।

### डिपार्टमेंट ऑफ़ यूरोलॉजी



**डॉ. राजेश पटेल**
एम. एस., डी. एन. बी.

**वरिष्ठ मूत्र एवं गुर्दा रोग विशेषज्ञ**

शहर के वरिष्ठ यूरासर्जन डॉ राजेश पटेल अब बड़ेरिया मेट्रो प्राइम मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में डिपार्टमेन्ट ऑफ यूरोलॉली एवं किडनी ट्रांसप्लान्ट यूनिट में अपनी सेवाएं दे रहे है। यहां पर मूत्र रोग संबंधित सभी बीमारियों पर इलाज आधुनिक दूरबीन एवं लेजर पद्धति द्वारा किया जा रहा है। महिलाओं एवं बच्चों के मूत्र रोग सबंधित इलाज भी उपलब्ध है। यहां पर गुर्दे से पथरी निकालने के लिए विश्व की सबसे नवीनतम पद्धति R I R S (किडनी में बगैर छेद किए पथरी निकलना) जिससे मरीज को दर्द नहीं होता है उपलब्ध है।

## जबलपुर का सबसे विश्वसनीय हॉस्पिटल बना बड़ेरिया मेट्रोप्राइम

- कोविड-19 में 99% से अधिक सफलता दर
- 75 बेड का आधुनिक मशीनों से युक्त ICCU
- सबसे आधुनिक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग|
- आधुनिक तकनीक से घुटना प्रत्यारोपण|
- सबसे सफल पाइज़न यूनिट
- बेरयाट्रिक सर्जरी करने वाला प्रथम हॉस्पिटल
- सीजीएचएस, सीएसएमए, समस्त बीमा कंपनी से अधिकृत।
- आयुष्मान भारत के मरीजों का सफलता पूर्वक ईलाज करने वाला विश्वसनीय हॉस्टिल|

## हार्ट के मरीज़ों का सबसे सफल इलाज़ बड़ेरिया मेट्रोप्राइम में



हृदय रोग विशेषज्ञ
**डॉ. दिलीप तिवारी**
डी एन बी कार्डिओलॉजिस्ट
एफ एन बी इंटरवेंशनल कार्डिओलॉजिस्ट



हृदय रोग विशेषज्ञ
**डॉ. अमज़द अली**
एम डी, डी एम



हृदय रोग विशेषज्ञ
**डॉ. नितिन दास**
एम एस, एम सी एच

बड़ेरिया मेट्रो प्राइम में पिछले 8 वर्षों से लगातार हार्ट की बीमारियों के लिए कार्डियक डिपार्टमेन्ट सफलता पूर्वक ईलाज कर रहा है। विभाग के कुशल एवं अनुभवी चिकित्सक डॉ दिलीप तिवारी एवं डॉ. अमज़द अली द्वारा सभी प्रकार के हार्ट की बीमारियों को यथा सभंव ईलाज एंजियोग्राफी एजियाप्लास्टी, पेस मेकर आदि के द्वारा गंभीर से गंभीर मरीजों का ईलाज बगैर छेद किया जा रहा है। वहीं जबलपुर के प्रसिद्ध एवं सफल कार्डियाथोरोसिक सर्जन डॉ नितिन दास द्वारा जटिल से जटिल ऑपरेशन एवं बायपास सर्जरी द्वारा मरीजों को सफलता पूर्वक ईलाज किया जा रहा है।

### डिपार्मेंट ऑफ़ एनोरेस्टल सर्जरी



**डॉ. डी. यू. पाठक**
एम. एस.,
एफ. ए. सी. आर. एस. आई.

**वरिष्ठ उदर एवं एनोरेक्टल सर्जन**

बड़ेरिया मेट्रो प्राइम में शहर के वरिष्ठ उदर एवं एनोरेक्टल सर्जन द्वारा इजराइल की अत्याधुनिक मशीन (NEO V 1470) द्वारा बिना टांके चीरे के पाइल्स (बवासीर), फिशर, फिस्टुला एवं पाइलो नाइडल के ऑपरेशन किये जा रहे है जिसमें मरीज के ऑपरेशन के बाद केवल एक ही दिन में मरीज को डिस्चार्ज किया जा सकता है। बड़ेरिया मेट्रोप्राइम में शहर का प्रथम एनोरेक्टल डिपार्टमेन्ट प्रारंभ किया गया है। जहां डॉ. डी. यू. पाठक के नेतृत्व में Proctology की सभी बीमारी के इलाज किया जा रहा है।

### डिपार्टमेंट ऑफ़ लेप्रोस्कोपिक जी. आई. एवं बरियाट्रिक सर्जरी



**डॉ. कृष्ण कांत**
एम. एस., डी. एन. बी.,
एफ. एन. बी. (मास)

**वरिष्ठ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन**

बड़ेरिया मेट्रो प्राइम मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के लेप्रास्कोपिक सर्जन डॉ. कृष्णकांत वर्मा के अनुसार टांके चीरे के द्वारा किये गये ऑपरेशन की तुलना में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सुरक्षित एवं दर्द रहित ऑपरेशन प्रक्रिया है और ऑपरेशन के बाद मरीज जल्द से जल्द घर चला जाता है शेड डे केयर सर्जरी भी कहते है। इसी बड़ेरिया मेट्रो प्राइम मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में बेरियाट्रिक सर्जरी सेंटर का आरंभ किया गया है जिसमें मोटापे से ग्रसित मरीज का ऑपरेशन किया जाता है।

### डिपार्टमेंट ऑफ़ ओंको-सर्जरी



**डॉ. जीतेन्द्र परयानी**
एम. एस., एम. सी. एच.

**वरिष्ठ कैंसर रोग सर्जन**

बड़ेरिया मेट्रो प्राइम मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के कैंसर सर्जन डॉ. जितेन्द्र परियानी द्वारा मुंह के कैंसर का लेजर से छोटा ऑपरेशन एवं स्तन कैंसर में स्तन संरक्षण पुनर्निर्माण, जबड़े का कैंसर का जटिल ऑपरेशन व पुनर्निर्माण, पेट आंत के कैंसर के आधुनिक यंत्र से ऑपरेशन, अण्डाशय कैंसर की सभी ऑपरेशन, की मोपोट लगाने के ऑपरेशन, कैंसर से बचाव व सूजन का परामर्श दिया जा रहा है। कैंसर सर्जरी विभाग में मुँह और गले के कैंसर, स्तन कैंसर,अंडाशय, बच्चादानी का कैंसर, पेट, आंत, लिवर, पित्ताशय का कैंसर हड्डी एवं माँसपेशी कैंसर के जटिल से जटिल ऑपरेशन किये जा रहे हैं।

# सर्वश्रेष्ठ जोड़ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ अब बड़ेरिया मेट्रोप्राइम हॉस्पिटल में

## सब वासटस विधि (बिना मांसपेशियों को काटे) से घुटना प्रत्यारोपण

D.S.S. TEAM ORTHO
EXCELLENCE IN ORTHOPAEDICS



घुटना प्रत्यारोपण



लिगामेंट एवं स्पोर्ट्स इंजुरी



वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ
**डॉ. अजय सेठ**
एम.एस., एम.सी.एच. (ऑर्थो)

वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ
**डॉ. राजीव सावंत**
एम.बी.बी.एस., डी.ऑर्थो

METRO HOSPITAL



फिज़ियोथैरपी



ट्रॉमा
एक्सीडेंट
फ्रेक्चर

**प्रतिदिन ओ. पी. डी. में उपलब्ध**



BADERIA
METROPRIME
Multi Speciality Hospital

## मेट्रो हॉस्पिटल

**नई तकनीक, नई सुविधा, नई टीम के साथ**

अब है **बड़ेरिया मेट्रोप्राइम**
**मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल**

MEDICLAIM, E.S.I, C.G.H.S, C.S.M.A, AYUSHMAN BHARAT, POLICE

केंद्र एवं राज्य सरकार के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों हेतु शासन द्वारा अधिकृत अस्पताल

**9575300267** Damoh Naka, Jabalpur (MP) | www.metroprimehospital.com



# डॉक्टर्स डे विशेष

## दिल को रखें सुरक्षित



मरीजों से आत्मीय लगाव हो जाता है दिल का डॉक्टर हूं तो दिल से इलाज करता हूं। कोशिश करता हूं किसी मरीज को परेशानी न उठाने पड़े । मेरे क्लीनिक में जबलपुर नहीं पूरे महाकोशल से मरीज आते है सभी को बेहतर इलाज करना मेरा पहला कर्तव्य होता है। दूर दूर से लोग मेरे पास इस उम्मीद के साथ आते हैं कि मैं उनके दिल को सुरक्षित रखूंगा और यह जिम्मेदारी मैं ईश्वरीय देन मानकर निभाता हूं। मैं खुश नसीब हूं कि ईश्वर ने मुझे मानव सेवा के लिए चुना और अपने सेवा कार्य के लिए मैं पूरी तरह से समर्पित रहूंगा।

**डॉ. पुष्पराज पटेल**
**हार्ट स्पेशलिस्ट**

## 30 सालों से मानव सेवा में जुटा



नगर में निजी क्षेत्र के पहले मल्टी स्पेशिएलिटी हास्पिटल जबलपुर हास्पिटल एण्ड रिसर्च की स्थापना मई 1991 में हुई । 30 वर्षों में जबलपुर हास्पिटल ने साल दर साल चिकित्सा सेवाओं के विस्तार तथा गुणवत्ता के लिए नई तकनीक पर आधारित उपकरण उपलब्ध कराए। मेडिकल, नर्सिंग, पैरामेडिकल स्टाफ के कौशल विकास पर भी कई ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाए। शहर में जन्मे, पढ़े तथा महानगरीय चिकित्सा केन्द्रों में शिक्षित एवं विशेषज्ञता के एक समूह ने **डॉ. राजेश बी. धीरावाणी** के नेतृत्व में सौ बिस्तरों के साथ हास्पिटल की स्थापना की। यह जानकारी अस्पताल प्रबंधन ने प्रदान करते हुए बताया कि जनता की मांग के अनुरूप डायलिसिस युनिट प्रारंभ की गई, जो इस क्षेत्र में अभिनव प्रयास था। वर्ष 1992 में नगर में पहली बार टोटल हिपरिप्लेसमेंट आपरेशन जबलपुर हास्पिटल में सफलता पूर्वक किया गया।

## डाक्टर्स डे पर जनता का आभार



डॉक्टर और मरीज का संबंध दिन प्रतिदिन एक परिवार के सदस्य के तौर पर और गहरा होता जाता है। ये रिश्ता और भी मायने रखता है क्योंकि इसमें जीवन मृत्यु का संबंध है। इस कोरोना काल में बहुत सारे मरीजों के संपर्क में आने के कारण बहुत सारे नये दोस्त बने है व उनके द्वारा दिखाया हुआ विश्वास हम डाक्टर्स को और मेहनत करने की प्रेरणा देता है। आज डाक्टर्स डे पर मैं **डॉ. मयंक चंसौरिया प्रोफेसर एनेस्थिलिया** सिर्फ ये दुआ करता हूं कि ईश्वर सब पर दया दृष्टि बनाये रखे व सबको सुरक्षित रखे। सब वैक्सीन लगवाएं व नियमों का पालन करें क्योंकि दूसरी लहर में हमने जो देखा व मैनेज किया है उससे ज्यादा भयावह स्थिति आगे हम नहीं देखन चाहते। लेकिन मेडिकल कालेज के कोरोना वार्ड 3, 4, 5, 6 के इंचार्ज के तौर पे जो मरीजों की सेवा करने का मौका मिला है उसके लिए मैं ईश्वर डीन सर , प्रशासन व अपने परिवार का आभारी हूं।

**डॉ. मयंक चंसौरिया**
**(आईसीयू स्पेशलिस्ट) प्रोफेसर मेडिकल कालेज**

## सभी को डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं



वर्तमान समय में अनियंत्रित जीवनशैली एवं खानपान से लोगों में ऐसीडिटी एवं गैस की समस्या बढ़ती जा रही हैण् इस बीमारी का समय पे सही इलाज लेने से इस से जनित होने वाली गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

### एसीडिटी की रोकथाम के उपाय

- यदि आपका वजन ज़्यादा है तो कम करे
- अपने बेड के सिरहाने की ऊँचाई 6.8 इंच ज़्यादा रखें ;गद्दे के नीचे मुलायम तकिया लगाकर।
- खानपान में ऐसी चीजों का परहेज़ करें जो एसीडिटी को बढ़ाते हैं जैसे चायए कॉफ़ीए शराबए तेलीय खाद्य पदार्थए चोक्लेटए पीपेरमिंट
- एक बार में खाना अधिक मात्रा में नहीं खायें और खाने के दौरान या तुरंत बाद अत्यधिक पानी नहीं पियें
- धूम्रपान नहीं करें
- रात का खाना जल्दी खायें ;कम से कम 2.3 घंटे सोने के पहले
- टाइट कपड़े नहीं पहने जिस से पेट में दबाव कम पड़े

**डॉ मनीष तिवारी**




## देश सेवा में लगा रहूंगा, सेवानिवृत्ति पर भावुक क्षण

**जबलपुर।** पुलिस विभाग से सेवानिवृत्ति के बाद भी मैं देश सेवा में लगा रहूंगा यह कहना था रक्षित निरीक्षक ओम प्रकाश पांडे का बैच नंबर 1686 मौका था पुलिस विभाग में हो रहे विदाई समारोह का। सेवानिवृत्ति के इस कार्यक्रम में भावुकता अपने चरम पर थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा और एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। ओम प्रकाश पांडे भी इनमें शामिल थे जिनकी पदस्थापना रक्षित निरीक्षक कार्यालय मे थी। उनके सेवानिवृत्ति के बाद उज्जवल भविष्य के लिए सभी ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं



शासकीय और निजी अस्पतालों में डाक्टर्स ने कोविड संक्रमण के समय ईमानदारी से मेहनत की हे। कोरोना पाजिटिव मरीजों की भीड़ के बीच इलाज करना किसी जांबाजी से कम नहीं। इसके लिए जितनी तारीफ की जाए कम है। डाक्टर्स की जय जयकार आवश्यक है।

**डॉ. पंकज सिंह**
**जूडा अध्यक्ष मेडिकल**

## जनता का विश्वास ही हमारी उपलब्धि है: डॉ. अभिषेक दुबे



वर्तमान में डाक्टरी ही ऐसा पेशा है जिस पर लोग विश्वास करते है। इसे बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी डाक्टरों पर है। डाक्टर्स डे स्वयं डाक्टरों के लिए एक महत्पवूर्ण दिन है क्योंकि यह उन्हें अपने चिकित्सकीय प्रेक्टिल को पुनर्जीवित करने का अवसर देता है। सारे डाक्टर जब अपने चिकित्सकीय जीवन की शुरूआत करते है तो उनके मन में नैतिकता ओर जरूरतमंदों की मदद का जज्बा होता है जिसकी वे कसम भी खाते है। इसके बाद कुछ लोग इस विचार से पथभ्रमित होकर अनैतिका की राह पर चल पड़ते हैं। डाक्टर्स डे के दिन डाक्टरों को यह मौका मिलता है कि वे अपने अतर्मन में झांके, अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को समझें तभी हमारा यह डाक्टर्स डे मनाना सही साबित होगा।

Pure & Tasty AK'S Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ।। जय बाबा मसान ।। ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति
"आपका साथी" एवं सम्पूर्ण समाधान मृत्यु उपरांत
दाह संस्कार पूजन सामग्री
एवं पूजन, पंडित व्यवस्था प्रतिष्ठान
दाह संस्कार से संबंधित सम्पूर्ण सामग्री आपके बताये पते पर भेज दी जायेगी
9111712445, 8871253911 9111712445,7999526101
दाह संस्कार सामग्री | खारी/ तीसरे दिन की पूजन सामाग्री | दशगात पूजन | बारहवीं, तेरहवीं गंगाजली पूजन
दुकान पताः "आपका साथी" बल्देवबाग पेट्रोल पम्प के पास स्मॉल वण्डर स्कूल के सामने, उखरी रोड, जबलपुर



+ CMYK +

## आज नेशनल डाक्टर्स-डे




वर्ष 1991 में नेशनल डॉक्टर्स डे मनाने की शुरुआत भारत सरकार ने की थी।


# यश भारत

● वर्ष- 15 अंक 150- ● जबलपुर ● गुरुवार, 1 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष -7 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


## एमपी में बिजली महंगी, फिक्स चार्ज बढ़ा, आठ जुलाई से लागू होंगी दरें

**भोपाल।** लगातार बढ़ती महंगाई के बीच मध्यप्रदेश के लोगों को एक और झटका लगने वाला है। राज्य सरकार ने बिजली की दरें बढ़ाने का फैसला कर लिया है। इसके तहत फिक्स चार्ज में इजाफा किया जाएगा। नई दरें आठ जुलाई से लागू होंगी। जानकारी के मुताबिक, मध्यप्रदेश में विद्युत कंपनियों ने बिजली बिल में 6.23 फीसदी के इजाफे का प्रस्ताव दिया, लेकिन आयोग ने 0.63 फीसदी की बढ़ोत्तरी को मंजूरी दी है।मंजूरी मिलते ही राज्य में आठ जुलाई से नया टैरिफ प्लान लागू हो जाएगा।

## 1005 लोगों की गई जान, सतर्कता ही बचाव, वैक्सीन लगवाने पर किया जा सकता खतरे को कम

# फिर बढ़ा कोरोनाः 24 घंटे में मिले 48,786 नए मरीज

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर एक बार फिर रफ्तार पकड़ती नजर आ रही है। पिछले तीन दिन से लगातार कोरोना वायरस के नए मामले और संक्रमण से होने वाली मौतों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 48,786 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,04,11,634 हो गई है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 96.97 फीसदी हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटों में 1005 मरीजों की संक्रमण से मौत हो गई है। इसके साथ ही कोरोना से मरने वालों की संख्या कुल बढ़कर 3,99,459 हो गई। बता दें कि इससे एक दिन पहले यानी कि बुधवार को देश में कोरोना 45,951 नए मामले सामने आए और 817 मरीजों की मौत हुई।

### ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 96.97 फीसदी हुई

मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 5,23,257 हो गई है, जो कुल मामलों का 1.72 प्रतिशत है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 96.97 फीसदी हो गई है। अभी तक कुल 41,20,21,494



नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 19,21,450 नमूनों की जांच बुधवार को की गई।आंकड़ों के अनुसार, देश में नमूनों के संक्रमित आने की दैनिक दर 2.54 प्रतिशत है। यह पिछले 24 दिनों से लगातार पांच प्रतिशत से कम ही है। नमूनों के संक्रमित आने की साप्ताहिक दर भी कम होकर 2.64 फीसदी गई है। संक्रमण मुक्त हुए लोगों की संख्या लगातार 49वें दिन संक्रमण के नए मामलों से अधिक रही। देश में अभी तक कुल 2,94,88,918 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। कोविड-19 से मृत्यु दर 1.31 प्रतिशत है।

### स्पूतनिक लाइट को फेज-3 ट्रायल की नहीं मिली अनुमति

भारतीय दवा नियामक संस्था ने डॉ. रेड्डीज को भारत में स्पुतनिक लाइट के तीसरे चरण के ट्रायल की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। सूत्रों से यह जानकारी मिली।

### ऐसे बढ़ा कोरोना मरीजों का ग्राफ

देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्तूबर को 70 लाख, 29 अक्तूबर को 80 लाख, 20 नवंबर को 90 लाख के पार हो गए। देश में 19 दिसंबर को ये मामले एक करोड़ के पार, चार मई को दो करोड़ के पार और 23 जून को तीन करोड़ के पार चले गए थे।

## फटाफट खबरें



### मुलायम सिंह यादव की तबीयत खराब, मेदांता अस्पताल में भर्ती

**गुरूग्राम।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें बेचैनी की शिकायत है। बता दें कि मुलायम सिंह यादव की तबीयत दो दिन से खराब चल रही है। गुरुवार को उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि मुलायम को बेचैनी की शिकायत थी जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की टीम उनकी जांच कर रही है। अस्पताल में उनके सभी टेस्ट भी किए जा रहे हैं।।

### ट्विटर हुआ डाउन, दुनियाभर में यूजर्स कर रहे शिकायत

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया में कुछ समय पहले ही परेशानी के चलते दुनिया भर के तमाम यूजर्स ने ट्विटर पर ट्वीट के माध्यम से एक ट्रेंड चलाया था जिसमें सभी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आ रही समस्या के बारे में बताया था। एक बार फिर से ट्विटर प्लेटफार्म को लेकर यह समस्या सामने आ रही है। जी हां माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर कई यूजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल यूजर्स को पेज लोड करने में दिक्कत हो रही है। इसे लेकर कई यूजर्स शिकायत भी कर रहे हैं। लेकिन ट्वीटर के कुछ फीचर्स को लोग यूज़ भी कर पा रहे हैं।

### आज से महंगा हुआ रसोई गैस सिलिंडर

**नई दिल्ली।** तेल कंपनियां हर महीने एलपीजी सिलिंडर के दामों की समीक्षा करती हैं। हर राज्य में टैक्स अलग-अलग होता है और इसके हिसाब से एलपीजी के दामों में अंतर होता है। इस महीने देश की ऑइल मार्केटिंग कंपनियों ने 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी रसोई गैस सिलिंडर की कीमतों में 25.50 रुपये का इजाफा किया है। वहीं 19 किलोग्राम के सिलिंडर में 76 रुपये का इजाफा किया गया है।

### पालघर में 3.6 तीव्रता के साथ भूकंप के झटके

**मुंबई।** आज सुबह 7 बजकर 7 मिनट पर महाराष्ट्र के पालघर में 3.6 तीव्रता के साथ भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। इस दौरान किसी के हताहत होने या फिर किसी संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकम्प के झटकों के कारण आस-पास के क्षेत्र में लोगों में इसे लेकर डर फैल गया है।




### दरभंगा ब्लास्टः हैदराबाद से दबोचे गए दो सगे भाई

**दरभंगा।** 17 जून को बिहार के दरभंगा रेलवे स्टेशन पर हुए पार्सल ब्लास्ट के तार कैराना से जुड़ते जा रहें हैं। एनआईए और एटीएस की टीम ने हैदराबाद से कैराना निवासी दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। गत 17 जून को बिहार के दरभंगा रेलवे स्टेशन पर पार्सल में ब्लास्ट हुआ था। एनआईए की टीम मामले की जांच पड़ताल में जुट गई थी। गत 23 जून को कैराना नगर के मोहल्ला बिसातियान आलखुर्द निवासी सलीम टुइया व कफील को एटीएस व पुलिस की टीम ने उठाय था। जिनसे गहनता से पूछताछ की गई थी। बताया गया है कि दरभंगा रेलवे स्टेशन पर ब्लाक से पहले जिस पार्सल में ब्लास्ट हुआ था उस पार्सल को उतारते हुए दो अन्य संदिग्ध युवक भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे। जिसके बाद बुधवार को हैदराबाद से कैराना नगर के मोहल्ला कायस्थवाड़ा निवासी नासिर खान व इमरान मलिक को गिरफ्तार कर लिया है।

## अब सुशील शिंदे खफा, बोले- पार्टी अपनी विचारधारा की संस्कृति खो रही

**नई दिल्ली।** क्या जितिन प्रसाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार शिंदे भी कांग्रेस से बगावत करने की तैयारी में हैं। ऐसा इसलिए कि उनके एक बयान से सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी अपनी विचारधारा की संस्कृति लगातार खो रही है। उनके मुताबिक, पार्टी इस समय कहां है यह समझ पाना मुश्किल काम है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सुशील शिंदे भी पार्टी छोड़ने का मन बना रहे हैं। क्योंकि पार्टी में पिछले कुछ समय से जो तस्वीर बन रही है उससे तो यही लगता है कि सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी हाईकमान से कई शीर्ष नेता नाराज चल रहे हैं। यह समझना बहुत मुश्किल है कि पार्टी कहां है?- शिंदे




कांग्रेस में बगावत की बयार

दरअसल, बीते दिनों महाराष्ट्र के पुराने समय के कांग्रेस नेताओं को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें सुशील शिंदे भी मौजूद थे। इसी दौरान समारोह को संबोधित करते हुए सुशील कुमार शिंदे ने कहा कि एक वक्त था जब कांग्रेस पार्टी में मेरे शब्दों का कुछ मूल्य होता था, लेकिन मुझे नहीं पता कि यह अब है या नहीं, कांग्रेस अपनी विचारधारा की संस्कृति को भी खोती जा रही है। %एक समय था जब कांग्रेस चिंतन शिविर आयोजित करती थी, इस शिविर में पार्टी के प्रदर्शन और नेताओं की लोकप्रियता और जनता में उनकी पकड़ को लेकर मंथन किया जाता था, लेकिन अब यह समझना बहुत मुश्किल है कि पार्टी कहां है, कांग्रेस द्वारा अपनाई गई कई नीतियां गलत हो सकती हैं, लेकिन सुधार के लिए कांग्रेस में कार्यशालाएं आयोजित करने की संस्कृति थी। कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे के पार्टी आलाकमान के खिलाफ नाराजगी जाहिर करने पर सियासत भी शुरू हो गई है। शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि सुशील शिंदे ने कुछ कहा है, तो पार्टी को इस मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए, क्योंकि वह कांग्रेस के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं।




### वरिष्ठ आईपीएस जीपी सिंह के 10 ठिकानों पर छापे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह के 10 ठिकानों पर गुरुवार (एक जुलाई) सुबह छापेमारी की गई। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते की टीम ने की। गौरतलब है कि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रमुख भी रह चुके हैं। जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ कैडर के वरिष्ठ आईपीएस एडिशनल डीजी गुरजिंदर पाल सिंह (जीपी सिंह) के खिलाफ काफी समय से आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिल रही थी। ऐसे में एसीबी की एक टीम ने एक जुलाई की सुबह उनके 10 ठिकानों पर छापेमारी की। जीपी सिंह खुद एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रमुख रह चुके हैं। वर्तमान एसबीबी प्रमुख आरिफ शेख से पहले उनके पास यह जिम्मेदारी थी।

## डिजीटल इंडियाः पीएम मोदी बोले सही टेक्नोलॉजी से सुविधा होगी और बेहतर

**नई दिल्ली।** डिजिटल इंडिया अभियान के आज छह वर्ष पूरे हो गए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाभार्थियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। पीएम ने बातचीत करते हुए कहा कि सही तकनीकी के जरिए सुविधा को और बेहतर किया जाएगा। भारत को डिजिटल रूप से मजबूत बनाने के लिए 2015 में डिजिटल इंडिया पहल की शुरुआत की गई थी। पीएम मोदी से पहले इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने उद्घाटन भाषण दिया। इसके बाद कार्यक्रम में डिजिटल इंडिया की




प्रमुख उपलब्धियों पर एक वीडियो प्रेजेंटेशन दिखाई गई डिजिटल इंडिया अभियान को 1 जुलाई 2015 को प्रधानमंत्री मोदी ने लॉन्च किया था। पीएम मोदी ने बुधवार को ट्वीट किया, 1 जुलाई को सुबह 11 बजे, डिजिटल इंडिया पहल के विभिन्न लाभार्थियों के साथ बातचीत करूंगा, जिसका भारत के लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है। प्रौद्योगिकी पर हमारे जोर ने सेवा वितरण और पारदर्शिता को बढ़ाया है।

### गुलशन कुमार मर्डर केस में बरकरार रहेगी मर्चेंट की सजा



**मुंबई।** टी-सीरीज के संस्थापक गुलशन कुमार की हत्या के मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने दोषी रऊफ मर्चेंट की सजा को बरकरार रखा है। जस्टिस जाधव और बोरकर की बेंच ने इस केस का फैसला सुनाया। गुलशन कुमार की हत्या से जुड़ी कुल चार याचिकाएं बॉम्बे हाई कोर्ट में आई थीं। इसमें तीन अपील रऊफ मर्चेंट, राकेश चंचला पिन्नम और राकेश खाओकर को दोषी ठहराए जाने के खिलाफ थीं।

## सिद्धू ने दिल्ली में डेरा जमाया, कैप्टन ने समर्थक नेताओं को लंच पर बुलाया

**नई दिल्ली।**

पंजाब कांग्रेस में चल रही कलह के बीच नवजोत सिद्धू दो दिन से दिल्ली में डेरा डाले हैं। वहीं सिद्धू को बड़ी जिम्मेदारी देने की चर्चाओं के बीच मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर ने गुरुवार दोपहर अपने समर्थक नेताओं को लंच पर बुलाया है। इसे एक तरह से कैप्टन के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है।पंजाब कांग्रेस के सभी विवाद जुलाई के पहले हफ्ते में समाप्त कर दिए जाने के पार्टी हाईकमान के एलान के बाद प्रदेश कांग्रेस में अंदरखाते खलबली मची हुई है। खासतौर पर कैप्टन खेमा पिछले



हफ्ते से काफी चिंता में दिखाई दे रहा है, जब से कैप्टन तीन सदस्यीय कमेटी से नई दिल्ली में बातचीत करके लौटे हैं। कमेटी ने उन्हें जो भी फैसला सुनाया है, उससे खफा होकर कैप्टन सोनिया और राहुल से मिले बिना ही पंजाब लौट आए हैं। कैप्टन के करीबी सलाहकारों ने जो संकेत दिए गए हैं, उससे साफ हो गया है कि हाईकमान नवजोत सिंह सिद्धू को किसी भी कीमत पर पार्टी से अलग करने को तैयार नहीं है। सिद्धू की नाराजगी दूर करने के लिए प्रदेश कांग्रेस व सरकार में उन्हें सम्मानजनक स्थान देने की तैयारी हो चुकी है। वहीं सिद्धू भी इन दिनों बदले-बदले नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने तीखे ट्वीटों का मुंह कैप्टन की तरफ से मोड़कर प्रदेश सरकार के अफसरों की तरफ कर दिया है।

### चीन की अमेरिका को खुली धमकी, हम डरने वाले नहीं



**नई दिल्ली।** चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के 100 साल पूरे होने पेइचिंग शानदार जश्न मनाया गया। इस समारोह को संबोधित करते हुए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ताइवान पर अमेरिका समेत इन बड़े देशों को खुली चेतावनी दी। शी ने कहा कि चीन को परेशान करने वाला समय अब गुजर गया। हम किसी भी विदेशी ताकत को इजाजत नहीं देंगे कि वह हमें आंखें दिखाए, हमें दबाए या फिर हम पर अधिकार जमाए। अब आंखें दिखाने वालों को मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के 100 साल पूरे होने पर आयोजित समारोह में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग बिल्कुल माओ त्से तुंग की तरह कपड़े पहनकर पहुंचे।

## सीएम शिवराज ने किया डाक्टरों का सम्मान

**भोपाल।** डाक्टर्स डे पर भोपाल के मिंटो हाल में आयोजित कार्यक्रम में सीएम शिवराज सिंह चौहान शामिल हो रहे हैं। इस दौरान सीएम शिवराज डाक्टरों को सम्मानित किया और फिर उसने संवाद करेंगे। कोरोना काल में डाक्टरों ने अपनी जान दांव पर लगाकर संक्रमित मरीजों की जान बचाई है। सीएम शिवराज ने कोरोना काल में पीड़ित मानवता की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले



डाक्टर्स डे

सभी दिवंगत डॉक्टर्स को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ने कहा कि कोरोना काल में डाक्टरों ने बहुत अच्छा काम किया है, मध्य प्रदेश को बचाने का श्रेय डाक्टरों को है। कई डाक्टर्स की हम जान नहीं बचा पाए। सीएम ने कहा कोरोना के दौरान सरकारी अस्पतालों पर जनता का भरोसा और बढ़ गया है। इस दौरान अलग-अलग जिलों के डाक्टर भी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम से जुड़े।

### मिठास से बदलेगा मिजाज! ममता ने पीएम मोदी को भेजा बंगाल का राजा आम



**कोलकाता।** राजनीति कभी कड़वी तो कभी मीठी नजर आती है। इन सबके बीच राजनीति पार्टियां अपने संबंधों को मधुर बनाने के लिए लंबे समय से आम के मौसम का इस्तेमाल करती रही है। कुछ ऐसी ही सियासत काफी समय से पश्चिम बंगाल सरकार और केंद्र के बीच चलती नजर आई है। बंगाल में चुनावी जंग के दौरान सीएम ममता बनर्जी और पीएम नरेंद्र मोदी ने एक-दूसरे को तमाम कड़वी बातें भी कहीं। ये हालात ममता बनर्जी के लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद भी सुधरते नजर नहीं आए। हालांकि, आम के मौसम में इन दोनों के रिश्तों के बीच मिठास आती नजर आ रही है। दरअसल, ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को बंगाल के राजा यानी तमाम किस्म के आम भेजे हैं।

## सुरक्षा कर्मचारियों की हड़ताल अवैध घोषित

**जबलपुर यशभारत।** आयुध निर्माणी बोर्ड के तहत आने वाली41आयुध निर्माणियों को सरकार द्वारा 7 निगमों मे परिवर्तित किए जाने के खिलाफ सुरक्षा कर्मचारियों के तीनों महासंघों द्वारा आगामी26जुलाई से घोषित अनिश्चित कालीन हड़ताल से निपटने के लिए राष्ट्रपति की ओर से कल30जून को राजपत्र मे देश की सुरक्षा सेवा से जुड़े उत्पादन और अन्य गतिविधियों को आवश्यक सेवा के दायरे में लेते अध्यादेश जारी कर दिया है। जिसमें उत्पादन में रुकावट और अन्य गतिविधियों पर रोक लगाते हुए 26जुलाई से घोषित अनिश्चित कालीन हड़ताल को अघोषित कर दंडात्मक कार्यवाही करने की स्पष्ट चेतावनी दे दी है। उल्लेखनीय है कि निगमीकरण के विरोध में आल इंडिया एम्पलाइज फेडरेशन भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ और भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ ने8 जुलाई को हड़ताल ज्ञापन सौपने और26जुलाई से बेमुद्दत हड़ताल की घोषणा कर दी है।हड़ताल को सिड्रा यानि कन्फेडरेशन आफ इंडियन डिफेंस रिकगनाइज एसोसिएशन ने भी अपना नैतिक समर्थन जारी कर दिया है अध्यादेश मे कहा गया है कि चूंकि




केंद्र सरकार ने राजपत्र मे अध्यादेश जारी किया

अभी संसद का सत्र नहीं चल रहा है। अत: भारत केराष्ट्रपति को ऐसा लगता है कि देश की सुरक्षा के लिए सुरक्षा सेवाओं का जारी रहना नितांत आवश्यक है। अत: सुरक्षा सेवा से जुड़े संधारण रखरखाव उत्पादन आदि गतिविधियों का सुचारु संचालन निष्पादित करने के लिए इसे अत्यावश्यक सेवा घोषित किया जाता है। अध्यादेश मे कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद123के तहत उपधारा(1) के तहत अध्यादेश6माह तक प्रभावशील रहेगा। हड़ताल के उद्देश्य से इकट्ठा लोगों को हटाने के लिए पुलिस कार्यवाही कर सकती है।इसके साथ जो भी व्यक्ति अवैध घोषित हड़ताल में शामिल होगा उस पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के साथ सेवा से विच्छेद किया जा सकता है। बहरहाल अध्यादेश जारी होने के बाद तीनों महासंघों की अगली घोषणा और फैसले का इंतजार किया जा रहा है।श्रमिक नेताओं की मात्र इतनी प्रतिक्रिया सामने आई है कि सरकार ने आपातकाल से भी ज्यादा कठोर कदम उठाया है।उनके अनुसार आपातकाल मे भले ही राजनीतिक गतिविधियों पर प्रतिबंध था।लेकिन ट्रेड यूनियन गतिविधियों पर कोई रोक नहीं लगाई थी।

### खाकी के लिए कश्मीर में बेटियों का जोश



**नई दिल्ली।** कश्मीर घाटी में बड़ी संख्या में स्थानीय बेटियां पुलिस में भर्ती होने के लिए आगे आ रही हैं। पहले ऐसी भर्तियों में जम्मू से बेटियों की संख्या ज़्यादा होती थी। अब यहां भी फिजा में बदलाव दिख रहा है। महिला पुलिस कर्मियों की दो बटालियन में भर्ती के लिए बड़ी संख्या में कश्मीर संभाग की लड़कियां शामिल हुईं। अपने उज्जवल भविष्य और घाटी में अमन के लिए दूरदराज के इलाकों की लड़कियां भर्ती में शामिल हो रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि साल 2019 में महामारी के प्रकोप के चलते भर्ती रद्द करनी पड़ी थी। अब कोरोना का कहर थमने पर भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संभाग की बेटियां बड़ी संख्या में भाग ले रही हैं। उनका उत्साह देखते ही बनता है। बुधवार को श्रीनगर के बाहरी क्षेत्र हमहामा में स्थित रीजिनल ट्रेनिंग सेंटर में कड़ाके की धूप के बीच कश्मीरी लड़कियां खाकी को पहनने के लिए दौड़ लगाती दिखीं



# टैरिफ का फंडा-100 पर 15 और 200 यूनिट तक मामूली फायदा


## मध्य प्रदेश में .63 फीसद महंगी हुई बिजली, पर फ्यूल कास्ट 20 पैसे कम करने से 14 पैसे प्रति यूनिट सस्ती होगी। आयोग ने जारी किया टैरिफ, 6.23 की जगह मात्र 0.63 फीसद बिजली दर वृद्धि की मंजूरी

### आठ जुलाई से लागू होगा नया टैरिफ- आयोग ने नियत प्रभार में की आंशिक बढ़ोत्तरी

| यूनिट | वर्तमान में | नया टैरिफ | बढ़ोत्तरी |
|---|---|---|---|
| 00-50 | 4.13 | 4.13 | नहीं |
| 51-150 | 5.05 | 5.05 | नहीं |
| 151-300 | 6.45 | 6.45 | नहीं |
| 300 से ज्यादा | 6.65 | 6.65 | नहीं |

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने बुधवार को बिजली की दरों का नया टैरिफ जारी कर दिया है। जिसमें शहरी उपभोक्ताओं को औसतन रूप से 100 यूनिट पर 15 रूपये और 200 यूनिट पर 67 रूपये की बचत होगी। तीनों विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा बिजली दरों में 6.23 फीसद की बढ़ोत्तरी की मांग के विरुद्ध आयोग ने 0.63 फीसद वृद्धि को मंजूरी दी है। कंपनियों ने वर्तमान आय और राजस्व आवश्यकता में 2629 करोड़ रुपये का अंतर बताया था, लेकिन आयोग ने सुनवाई के बाद 264 करोड़ रुपये के घाटे को मान्य किया है। इस आधार पर टैरिफ दर और नियत प्रभार में आंशिक बढ़ोत्तरी की गई है। इसके विपरीत प्रति यूनिट लगने वाले फ्यूल कास्ट एडजस्टमेंट (एफसीए) की दर में 20 पैसे की कमी भी की गई है। इसका सबसे ज्यादा फायदा मध्यम और निम्नवर्गीय उपभोक्ताओं को होगा। कम खपत वाले उपभोक्ताओं को औसतन 6.50 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली शुल्क जमा करना होता है, नए टैरिफ में बढ़ोत्तरी मिलाकर यह दर 6.54 रुपये प्रति यूनिट हो जाएगी। इसमें एफसीए की राशि घटाने पर उपभोक्ताओं को 6.36 रुपये प्रति यूनिट बिजली मिलेगी। नया टैरिफ आठ जुलाई से लागू होगा। प्रदेश की तीनों बिजली कंपनियों ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 44 हजार 814 करोड़ रुपये राजस्व आय की जरूरत बताई थी। प्रस्ताव पर विचार करने के बाद आयोग ने माना कि कंपनियों को वित्तीय वर्ष के खर्च के हिसाब से 42 हजार 402 करोड़ रुपये की जरूरत है। इस आधार पर कंपनियों के आय और व्यय में 264 करोड़ रुपये का अंतर मान्य किया गया। नए टैरिफ के मुताबिक अब स्वीकृत भार 100 वाट तक होने पर 30 यूनिट तक उपभोक्ता को 3.25 रुपये प्रति यूनिट की दर से भुगतान करना होगा।

### मध्य प्रदेश में बिजली की दरों का नया टैरिफ जारी



### ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं के लिए

| यूनिट | जून का टैरिफ | जुलाई का टैरिफ |
|---|---|---|
| 30 | 107 | 100 |
| 50 | 287 | 278 |
| 75 | 465 | 456 |
| 100 | 603 | 588 |
| 150 | 887 | 859 |
| 200 | 1453 | 1420 |
| 250 | 1892 | 1850 |
| 300 | 2330 | 2280 |
| 400 | 3283 | 3189 |
| 500 | 4195 | 4078 |

### शहरी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए

| यूनिट | जून का टैरिफ | जुलाई का टैरिफ |
|---|---|---|
| 30 | 107 | 100 |
| 50 | 272 | 264 |
| 75 | 445 | 437 |
| 100 | 583 | 569 |
| 150 | 867 | 840 |
| 200 | 1413 | 1380 |
| 250 | 1842 | 1800 |
| 300 | 2270 | 2220 |
| 400 | 3229 | 3163 |
| 500 | 4129 | 4045 |

# आज से दिल्ली तक सुबह की उड़ान शुरू, अहमदाबाद एवं लखनऊ भी जा सकेंगे



**भोपाल।** कोरोना संकट के कारण प्रभावित हवाई यातायात धीरे-धीरे सामान्य होने लगा है। इंडिगो एयरलांइस ने भोपाल-दिल्ली रूट पर सुबह की उड़ान आज से पुन- शुरू कर दी है। भोपाल से लखनऊ एवं अहमदाबाद जाने वाले यात्री भी इसी उड़ान से दिल्ली होते हुए जा सकेंगे। कोरोना काल से पहले दिल्ली रूट पर इंडिगो की तीन उड़ानें संचालित हो रही थीं। फिलहाल दोपहर की उड़ान ही संचालित हो रही है। एक जुलाई से सुबह की उड़ान भी प्रारंभ हो गई। यह उड़ान अहमदाबाद एवं लखनऊ जाने वाले यात्रियों के लिए कनेक्टिंग उड़ान भी होगी। यात्रियों को पहले दिल्ली जाना होगा। लखनऊ एवं अहमदाबाद जाने वाले यात्रियों को सीधी उड़ान के लिए कुछ समय इंतजार करना होगा। भोपाल-बेंगलुरु रूट पर इंडिगो की उड़ान दो जुलाई से शुरू हो जाएगी। इंडिगो ने अगस्त माह में मुंबई रूट पर भी अतिरिक्त उड़ान शुरू करने की तैयारी की है। एयर इंडिया की पुणे-भोपाल-दिल्ली उड़ान एक अगस्त से प्रारंभ होगी।

### एक जुलाई से दिल्ली मॉर्निंग उड़ान संख्या 6-ई 6228/2036 का शेड्यूल

दिल्ली से प्रस्थान सुबह 08.10 बजे
भोपाल आगमन सुबह 09.40 बजे
भोपाल से प्रस्थान सुबह 10.10 बजे
दिल्ली आगमन सुबह 11.40 बजे

### भोपाल से अब इन शहरों के लिए विमान सेवा

भोपाल से अब दिल्ली, मुंबई के अलावा हैदराबाद, बेंगलुरु एवं प्रयागराज तक सीधी उड़ान की सुविधा हो गई है। आने वाले समय में पुणे, लखनऊ, अहमदाबाद, आगरा, प्रयागराज एवं कोलकाता उड़ान शुरू होने की संभावना है। एयर इंडिया की जयपुर एवं रायपुर उड़ान भी अगले दो माह में प्रारंभ होने की उम्मीद है। यह उड़ान कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप के कारण अस्थायी रूप से बंद कर दी गई थी।

### दो जुलाई से बेंगलुरु उड़ान संख्या 6-ई 6011/575 का शेड्यूल

बेंगलुरु से प्रस्थान शाम 04.15 बजे
भोपाल आगमन शाम 06.10 बजे
भोपाल प्रस्थान शाम 07.00 बजे
बेंगलुरु आगमन रात्रि 09.05 बजे

# मुख्यमंत्री शिवराज ने किया कला पंचांग का लोकार्पण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संस्कृति विभाग द्वारा प्रकाशित कला पंचांग का बुधवार को अपने निवास पर लोकार्पण किया। इस मौके पर पर्यटन, संस्कृति एवं अध्यात्म मंत्री उषा ठाकुर और प्रमुख सचिव संस्कृति तथा जनसंपर्क शिव शेखर शुक्ला भी उपस्थित थे। मंत्री उषा ठाकुर ने मुख्यमंत्री को %बुंदेलखंड के भित्ति चित्र卐 नामक पुस्तक भेंट की। प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला ने जानकारी दी कि कला पंचांग में संस्कृति तथा पर्यटन विभाग द्वारा वर्ष के आगामी माहों में संचालित की जाने वाली सभी गतिविधियों को जोड़ा गया है। पंचाग में अप्रैल 2021 से मार्च 2022 तक की गतिविधियों का उल्लेख है।

### हर साल होतीं हैं पंद्रह सौ से दो हजार सांस्कृतिक गतिविधियां

उल्लेखनीय है कि संस्कृति विभाग पूरे प्रदेश में कला और उसके स्वरूपों पर केंद्रित समारोह, प्रदर्शनी, प्रशिक्षण शिविर, पुरस्कार, परिसंवाद, संगोष्ठी, व्याख्यान, कविता, कहानी, फिल्म, नाटक, साहित्य पठन-पाठन आदि गतिविधियां आयोजित करता है। विभाग द्वारा वर्ष में आयोजित ऐसी समस्त गतिविधियों की संकलित जानकारी देने के उद्देश्ह्लय से कला पंचांग प्रकाशित किया जाता है। पूरे वर्ष में अलग-अलग अकादमियां और संचालनालय जो गतिविधियां करती हैं, उनका योग लगभग 1500 से 2000 के मध्य होता है। विभाग द्वारा लगभग 30 नई गतिविधियां शामिल की गई हैं, जिनमें से भोपाल में ज्यादातर भारत भवन द्वारा आयोजित की जाएंगी। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत की जाने वाले गतिविधियों को भी इसमें सम्मिलित किया गया है।

### कोरोना काल में ऑनलाइन होंगे आयोजन

कला पंचांग का प्रकाशन इस आशा के साथ किया गया है कि देश कोरोना महामारी के संकट से मुक्त होगा और सांस्कृतिक गतिविधियां पूर्ववत आयोजित हो सकेंगी। यदि गतिविधियों को भौतिक रूप से आयोजित नहीं किया जा सकेगा तो कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित करने के प्रयास होंगे।

### जनजातीय कलाकारों की पेंटिंग्स से सुसज्जित

कला पंचांग में मध्यप्रदेश की जनजातियों के प्रकृति से लगाव के चित्रण को प्रकाशित किया गया है। पंचांग के कवर पेज पर कलाबाई श्याम द्वारा करमा नृत्य पर बनाई गई पेंटिंग है। इसके साथ ही भूरी बाई, ननकू सिया श्याम, लाडो बाई, दुर्गाबाई, नर्मदा प्रसाद टेकाम और रामसिंह के चित्रण से पंचांग सुशोभित है। पंचांग के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि हम अपने आसपास प्रकृति को पुर्नस्थापित करने का प्रयास करें।

# नरोत्तम मिश्रा को इंदौर और भूपेंद्र सिंह को भोपाल जिले का प्रभार



**भोपाल।** गुरुवार से तबादलों पर से हटने वाले प्रतिबंध को देखते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार देर शाम मंत्रियों को जिले के प्रभार बांट दिए। गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा को इंदौर तो नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह को भोपाल का प्रभार दिया है। लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव को जबलपुर, निवाड़ी और तुलसीराम सिलावट को ग्वालियर के साथ हरदा का प्रभार सौंपा है। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा उज्जैन और कटनी के प्रभारी होंगे। प्रभार बांटने से पहले मुख्यमंत्री अज्ञातवास पर रहे। इस दौरान उनके साथ प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी थे। माना जा रहा है कि उन्होंने मंत्रालय से लेकर मैदानी स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

### हटेगा तबादलों से प्रतिबंध

प्रदेश में गुरुवार से तबादलों का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा। तलाबला नीति के तहत 31 जुलाई तक तबादले होंगे। जिला स्तर पर स्थानांतरण प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से होंगे। वहीं, राज्य स्तरीय तबालले विभागीय मंत्री कर सकेंगे। कोरोना या गंभीर बीमारी से पीड़ित अधिकारी या कर्मचारी का स्थानांतरण उसकी स्वेच्छा से प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री समन्वय से हुए तबादलों में यदि कोई परिवर्तन करना है तो इसके लिए प्रस्ताव मुख्यमंत्री समन्वय भी भेजना होगा। मंत्री सीधे अपने स्तर से ऐसे तबादले नहीं कर सकेंगे।

किसे कहां का मिला प्रभार
मंत्री-जिले
विजय शाह-सतना, नरसिंहपुर
बिसाहूलाल सिंह- मंडला, रीवा
यशोधराराजे सिंधिया-देवास, आगर मालवा
मीना सिंह मांडवे- सीधी, अनूपपुर
कमल पटेल- खरगोन, छिंदवाड़ा
गोविंद सिंह राजपूत- भिंड, दमोह
बृजेंद्र प्रताप सिंह-होशंगाबाद, सिंगरोली
विश्वास सारंग-टीकमगढ़, विदिशा
डॉ.प्रभुराम चौधरी-धार, सीहोर
डॉ.महेंद्र सिंह सिसोदिया-शिवपुरी
प्रद्युम्न सिंह तोमर-अशोकनगर, गुना
प्रेमसिंह पटेल-बुरहानपुर
ओमप्रकाश सखलेचा-छतरपुर, सिवनी
उषा ठाकुर-नीमच, खंडवा
अरविंद भदौरिया-सागर-रायसेन
डॉ.मोहन यादव- राजगढ़, डिंडोरी
हरदीप सिंह डंग-बड़वानी, बालाघाट
राजवर्धन सिंह
दत्तीगांव-मंदसौर, आलीराजपुर
भारत सिंह कुशवाह-मुरैना, श्योपुर
इंदर सिंह परमार-बैतूल, झाबुआ
राम खेलावन पटेल-शहडोल
रामकिशोर कांवरे-उमरिया, पन्ना
बृजेंद्र सिंह यादव- शाजापुर
सुरेश धाकड़-दतिया
ओपीएस भदौरिया-रतलाम

# चरित्र शंका में पत्नी पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना पुलिस के मुताबिक नंदलाल सूर्यवंशी ग्राम छावनी पठार में पत्नी कौशल्या और बेटे रोहित के साथ रहता है। परिवार मजदूरी करके गुजर-बसर करता है। शराब पीने का आदी नंदलाल पत्नी के चरित्र पर शक करता है, जिसके चलते वह आए दिन नशे में पत्नी के साथ गाली-गलौज करता रहता था। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे नंदलाल नशे की हालत में घर पहुंचा। उसने पत्नी से गाली-गलौज करना शुरू कर दी। पत्नी ने विरोध किया तो नंदलाल ने पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। चीख-पुकार सुनकर बेटा रोहित मां को बचाने दौड़ा। इस बीच नंदलाल मौके से फरार हो गया। रोहित मां को लेकर अस्पताल पहुंचा। अस्पताल प्रबंधन से मिली सूचना के बाद पुलिस ने महिला के बयान दर्ज किए। आरोपित के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया गया है।

# ट्रैक के आसपास खड़े हो जाते हैं अन्य वाहन नहीं हो पाती फिटनेस जांच



**भोपाल।** राजधानी में स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में वाहनों की फिटनेस जांच कराना अब आसान नहीं रह गया है। दरअसल आरटीओ परिसर में वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने से कई लोग फिटनेस ट्रैक के आसपास वाहनों को खड़ा कर देते हैं, जिससे फिटनेस शाखा के कंप्यूटर पर बैठे कर्मचारियों को संबंधित वाहनों के फोटो करने में दिक्कत जाती है। सीसीटीवी के जरिए फिटनेस ट्रैक पर वाहनों की फिटनेस जांच कराने के लिए खड़े वाहनों के अलावा अन्य वाहनों के भी फोटो कंप्यूटर सिस्टम पर आ जाते हैं। नतीजा यह होता है फिटनेस कराने आए वाहन की पूरी बॉडी नहीं दिखती और संबंधित वाहन के साइड ग्लास सही-सलामत हैं या नहीं, इंडिगेटर काम कर रहा है या नहीं सहित अन?य परीक्षण ठीक से नहीं हो पाते। मप्र तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, परिवहन विभाग के अध्यक्ष श्याम यादव ने बताया कि वर्तमान आरटीओ भवन छोटा पड़ने लगा है। सात नंबर स?टॉप पर मानसरोवर के पीछे संचालित हो रहे आरटीओ परिसर में फिटनेस कराने के लिए आने वाले ट्रक, बस, लोडिंग ऑटो समेत अन्य वाहनों को खड़े करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। वहीं कोकता क्षेत्र में 12 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार आरटीओ के नए भवन में पर्याप्त जगह है। मौजूदा भवन परिसर की तरह कच?चा फिटनेस ट्रैक नहीं है। पक्का फिटनेस ट्रैक बना है। सीसीटीवी भी पर्याप्त लगे हैं, जिससे वाहनों की आसानी और जल्दी फिटनेस जांच हो जाया करेगी। आरटीओ को जल्द कोकता में शिफ्ट किया जाए। वहां पर पर्याप्त जगह व व्यवस्था होने से शहरवासियों को वाहनों की फिटनेस के अलावा ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने, वाहनों की एनओसी निकलवाने, बसों व मैजिक वाहनों के परमिट लेने सहित अन्य कार्यों को कराने में परेशानी नहीं होगी।

# चर्चा के बजाय मध्य प्रदेश कैबिनेट में हो रहे विवाद

**भोपाल।** लोकतांत्रिक बहस के बजाय शिवराज कैबिनेट में मंत्रियों के बीच वाद-विवाद के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। नर्मदा सिंचाई परियोजना के निविदा आमंत्रण के प्रस्ताव को मंजूरी देने, रेत कारोबारियों को राहत देने के बाद अब बिजली व्यवस्था को लेकर मंत्री आमने-सामने आए हैं। बिजली की बिगड़ी व्यवस्था सुधारने के विषय पर तकनीकी शिक्षा मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के बीच तू-तू, मैं-मैं की बात सामने आई है।

पिछली बैठकों में मंत्री आमने-सामने आते रहे हैं। इससे कैबिनेट की गरिमा भी गिर रही है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने इसे सरकार के भीतर की खींचतान बताते हुए निशाना साधा है। उधर, ऊर्जा मंत्री तोमर शाम को भाजपा कार्यालय गए, जहां उन्होंने प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत से मुलाकात की। तोमर ने कहा कि विवाद जैसी कोई बात नहीं है। चर्चा तो हर मुद्दे पर की जाती है। मंगलवार को कैबिनेट बैठक के बाद ऊर्जा विभाग का प्रस्तुतीकरण हुआ। इसमें अधिकांश मंत्रियों ने अपनी बात रखी पर तकनीकी शिक्षा मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आपत्ति दर्ज कराई थी।

इसको लेकर ऊर्जा मंत्री ने अपनी बात पूरी रखने देने और एक साल में उनके द्वारा किए गए कार्य की जानकारी भिजवाने की बात कही। सूत्रों के मुताबिक दोनों के बीच तीखा संवाद भी हुआ। हालांकि, दोनों ने ट्वीट करके सफाई दी। तोमर ने कहा कि उनके और तकनीकी शिक्षा मंत्री के बीच ऐसा कोई संवाद नहीं हुआ।

यह पहला वाकया नहीं है जब कैबिनेट या अन्य किसी बैठक में मंत्रियों या अधिकारियों के साथ तीखी बहस सामने आई हो। इसके पहले कैबिनेट में नर्मदा घाटी विकास विभाग की परियोजनाओं को बजट के प्रविधानों से छूट देने के मुद्दे पर गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा ने आपत्ति दर्ज कराई थी।

उनकी अधिकारियों के साथ तीखी बहस हुई थी और उन्होंने यहां तक कह दिया कि निर्णय में मेरी आपत्ति दर्ज की जाए। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे विवाद की जगह सुझाव देने की प्रक्रिया करार दिया था।

### इससे पहले भी हुआ विवाद

पिछली कैबिनेट बैठक में रेत कारोबारियों को राहत दिए जाने के मुद्दे पर तकनीकी शिक्षा मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने सवाल उठाते कहा था कि रेत ठेकेदार बहुत कमा रहे हैं, इन्हें राहत देने की क्या जरूरत है। इनसे तो मोटा पैसा सीएम राहत कोष में लेना चाहिए। इस पर खनिज साधन मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा था कि ठेकेदारों को राहत नहीं दे रहे हैं, सिर्फ किस्त अदायगी की अवधि बढ़ाई जा रही है।

### अधिकांश मंत्रियों ने साधी चुप्पी

कैबिनेट में होने वाले विवादों को लेकर अधिकांश मंत्रियों ने चुप्पी साध ली है तो कुछ निर्णय के पहले विचार की प्रक्रिया बता रहे हैं। वहीं, इन विवादों को प्रदेश कांग्रेस ने सरकार पर सवाल उठाने का मौका मिल गया। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकार वार्ता करके आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंत्रिमंडल पर पकड़ कमजोर हो रही है। कैबिनेट सहित अन्य बैठक में अंदरूनी खींचतान उभरकर सामने आ रही है। कोई भी मंत्री कुछ भी बोल रहा है। गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा, यशोधरा राजे सिंधिया और प्रद्युम्न सिंह तोमर के मामले तो सामने आ चुके हैं। इन घटनाक्रमों से कैबिनेट की गरिमा गिर रही है।

### पूर्व मुख्य सचिव बोले- हमने कभी विवाद नहीं देखे

लंबे समय तक कैबिनेट बैठकों का हिस्सा रहे पूर्व मुख्य सचिव केएस शर्मा का कहना है कि हमने कभी कैबिनेट बैठक में विवाद नहीं देखे हैं। मंत्री अपनी बात और सुझाव रखते हैं और यह होना चाहिए क्योंकि यही वो मंच होता है, जहां प्रस्तावों को विचार-विमर्श करके अंतिम रूप दिया जाता है। सभी व्यक्तियों का एक मत हो, यह जरूरी नहीं है।

# 188 केंद्रों में हो रहा वैक्सीनेशन लोगों में दिख रहा उत्साह

**जबलपुर। गुरुवार 1 जुलाई को 188 सेंटर्स पर वैक्सीनेशन हो रहा है। इस बार वैक्सीनेशन में गडबडी रोकने नई पहल की गई है। अब ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के दौरान मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजी जा रही है। उसे बताने के बाद ही वैक्सीन लगाई जा रही है। जिले में एक सेंटर पर को-वैक्सीन का सेकेंड डोज लग रहा है। शेष सभी सेंटर्स पर कोवीशील्ड के दोनों डोज लगाए जा रहे हैं।**

## ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन के दौरान भेजी जा रही ओटीपी



नई व्यवस्था में मौके पर पंजीयन के दौरान आधार नंबर से संबंधित व्यक्ति की जानकारी कोविन पोर्टल पर दर्ज की जा रही है। उसके बाद ओटीपी संबंधित व्यक्ति के मोबाइल पर आता है। इस ओटीपी के बताने पर ही वैक्सीन लगाई जा रही है। बिना टीका लगाए कुछ लोगों के पास वैक्सीनेटेड मैसेज आने के बाद ये निर्णय लिया गया है। आशंका है कि कुछ स्थानों पर लक्ष्य दिखाने के लिए पंजीयन में फजीवाडा हुआ है।

शहर में एक जगह कोवैक्सीन की सेकेंड डोज लग रही जिले में कुल 188 केंद्र बने हैं। इसमें 123 शहरी में तो 65 ग्रामीण क्षेत्रों में बने हैं। इसमें 118 सेंटर्स पर 18 प्लस से अधिक उम्र वालों को वैक्सीन लग रही है। वहीं शेष पर 45 प्लस वालों को वैक्सीन लग रही है। शहर में मनमोहन नगर स्थित सरस्वती स्कूल में को-वैक्सीन का एक मात्र सेंटर बनाया गया है। यहां सिर्फ सेकेंड डोज लग रही है। जिले को एक दिन पहले ही 40 हजार डोज मिले हैं। 20-20 हजार डोज शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में भेजा गया है।

### विदेश जाने वालों को प्राथमिकता, 28वें दिन दूसरा डोज भी

विदेश जाने वालों के लिए वैक्सीनेशन की अनिवार्यता को देखते हुए जिला प्रशासन ने ऐसे लोगों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। हर सेंटर्स पर विदेश जाने वालों की अलग कतार लगवाई जा रही है। उन्हें वैक्सीनेशन में पहला अवसर दिया जा रहा है। ऐसा अवसर विदेश में पढाई, नौकरी और खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को ही दिया जा रहा है। विदेश जाने वालों को कोवीशील्ड का टीका लगाया जा रहा है। दूसरी डोज भी 28वें दिन लगेगी। सामान्य लोगों को दूसरी डोज 84 दिन बाद ही लगेगी।

## रेलवे सफाई कर्मी और ठेकेदार में ठनीए महिला मजदूर के बाल पकड़कर की अभद्रता



# हम मरेंगे तो ठेकेदार को भी ले डूबेंगे

**जबलपुर।** रेलवे सफाई कर्मचारी और नए ठेकेदार में आज इस बात को लेकर हंगामा हो गया कि ठेकेदार पुराने मजदूरों को कार्य से निकलाकर नयी भर्ती कर रहा थाए जब पुराने मजदूरों ने इसका विरोध किया तो ठेकेदार ने पहले तो कह दिया कि उनके पास चालीस मजदूरों को ही रखने के आदेश है। लेकिन जब नयी भर्ती की जाने लगी तो सफाई कर्मियों ने हंगामा कर दिया। जिसके बाद ठेकेदार के गुर्गों ने महिला मजदूरों के बाल पकड़कर उनसे अभद्रता की। मामला बढ़ते देख दोनों पक्षों की शिकायत पर जीआरपी थाने में मामला दर्ज किया गया है। जानकारी अनुसार उर्मिला बर्मन सफाई कर्मी रेलवे स्टेशन ने बताया कि हम लोग वर्षों से रेलवे में सफाई कर्मचारी है और पूरी ईमानदारी के साथ कार्य कर रहे है। लेकिन ठेका चेंज होते ही अब नया ठेकेदार पुराने कर्मियों को निकालकर नए लड़कों को काम पर रख रहा है। जब इस बात को लेकर ठेकेदार से बात करना चाही तो उनके साथियों और कर्मियों ने उनके साथ मारपीट करते हुए बाल पकड़कर खीचें और जान का भय दिखाने लगे। सफाई कर्मियों ने कहा कि यदि उन्हें निकाला गया तो वह सभी को ले डूबेंगे। जिसके बाद मामला बढ़ गया। लेकिन समस्या का जब कोई समाधान नंहीं निकला तो दोनों ही पक्षों ने मामला दर्ज करवाकरए जांच की मांग की है।

# शोषण के शिकार हो रहे कंप्यूटर ऑपरेटर

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर तहसील एवं ब्लॉक स्तर में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटरों को विगत 3 माह से मानदेय न मिलने के कारण वह अपनी इस परेशानी को लेकर दर-दर भटक रहे हैं किंतु संबंधित अधिकारियों को कंप्यूटर ऑपरेटर परेशानियों को हल करने के लिए उनके कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है हालात ये हैं कि कंप्यूटर ऑपरेटर विगत 3 माह से शोषण का शिकार हो रहे हैं उल्लेखनीय है कि कोविड-19 कोरोनावायरस संक्रमण के चलते कंप्यूटर ऑपरेटर ने अगर किसी प्रकार की परवाह किए अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे आज उन्हीं कंप्यूटर ऑपरेटर की इस जटिल समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है इस संबंध में कुछ कंप्यूटर ऑपरेटरों ने बताया कि अनेकों बार कलेक्ट्रेट में संबंधित अधिकारियों को मानदेय के भुगतान के लिए ज्ञापन सौंपा गया किंतु अभी तक कार्यवाही ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है। जानकारी के अनुसार राजस्व बिभाग के जबलपुर जिले के कलक्ट्रेट

### 3 माह से नहीं मिला मानदेय

कार्यालय एवं तहसील कार्यालयों में पद्स्थ 44 कंप्यूटर आपरेटरों को नहीं मिला 3 माह से मासिक मानदेय।सम्पूर्ण जिले में 44 आपरेटर पदस्थ जो की बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते है और शासन को उनकी कोई सुध नहीं है। पूरे साल कोरोना जैसी महामारी के बीच अपने करतव्यो का निबहन् करते आरहे हैं।यही नहीं कार्यालय में पद्स्थ् बाबुओ की नजर तो समय पर रहती हैं कि कब कार्यालय का समय हो और हम अपने घर को कुच करें किंतु कंप्यूटर ऑपरेटर 8 बजे तो कभी 9 बजे तक काम लिया जाता हैं जिससे मीटिंग में अधिकारियो को डांट न खाना प?। भुगतान न होने के कारण ऐसे में परिवार का भरण पोषण करना बेहत मुश्किल साबित हो रहा है। इतना ही नहीं आपटरो के द्वारा 3 बार कलेक्ट्रेट कार्यलय भी जा चुके हे उनको वहां से ये कह कर बिदा कर दिया जाता है कि अब तहसील कार्यालय से आपका भुगतान किया जाएगा और तहसील कार्यालय में पता करने पर वहां से ये कह दिया जाता है कि हमारे पास कलक्ट्रेट से कोई लिखित में आदेश नहीं आया है। इस तरह से जिले के कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी इस परेशानियों को लेकर दर-दर भटक रहे हैं जिस पर संबंधित अधिकारियों का किसी भी प्रकार से ध्यानाकर्षण नहीं हो रहा है कंप्यूटर ऑपरेटर ने मांग की है कि रुका हुआ भुगतान शीघ्र किया जाए।



## लांयस क्लब द्वारा डॉक्टर्स एवं सीए का सम्मान समारोह

**जबलपुर।** डॉक्टर्स डे व चार्टर्ड एकाउंटेंट का सम्मान समारोह क्लब अध्यक्ष कृष्णकांत गुमास्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। जिसमें डॉ महेश खुराना,डॉ राजीव जैन,डॉ नरेन्द्र खेत्रपाल, डॉ रूचिर खरे,डॉ उमा ठाकुर,एवं चार्टर्ड एकाउंटेट अरूण ग्रोवर का सम्मान फूलमाला एवं शॉल श्रीफल से किया गया। इस अवसर पर रीजन चेयर पर्सन मथुरा प्रसाद चौबे, जोन चेयर अपर्स सावित्री सर्वटे,अध्यक्ष कृष्णकांत गुमाश्ता,सचिव भरत सिंह लोधी, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, अरविंद झिगरन,राजेश डेंगरा,गिरीश वर्मा आदि लायन के समदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी।

# एसबीआई से गौतम हुए सेवानिवृत्त

**सिहोरा।** भारतीय स्टेट बैंक सिहोरा से पदस्थ वरिष्ठ सहायक अमरनाथ गौतम 34 वर्ष एवं 9 महीने की सेवा के बाद बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। उनके सम्मान में बैक द्वारा कार्यालय में ही बिदाई समारोह का आयोजन कर उन्हे बैक परिवार द्वारा शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया । लक्ष्मी नारायण देवांगन मुख्य प्रबंधक ने कहा कि विदाई के पल भावुक कर देने वाले होते है अपने कार्यकाल में श्री गौतम द्वारा बैक को जो योगदान दिया गया उसे बैक परिवार हमेशा याद रखेगा इसी तरह अन्य वक्ताओं ने उनके सरल एवं मधुर स्वभाव की सराहना की । इस अवसर पर श्रीमति प्रभा गोस्वामी,श्रीमती शिल्पी, अक्षय गौतम, सुकाम कोल, जितेंद्र शर्मा, देब दास, अभिषेक बैरवा, अजय कुमार ,रंजन कुमार, शुभम जैन, सुश्री फागुनी, रामावतार, अभिषेक सिन्हा, नवीन भास्कर, श्रीमती प्रज्ञा पचौरी , श्रीमति अनुज्ञा शर्मा, सुश्री स्वाति , अरुण , कोमल ,विनोद, संदीप, मुकेश,टीका ,बद्री गुप्ता ,अशोक गुप्ता आदि स्टाफ, एवं परिवार सदस्यो ने उज्ज्वल भविष्य एवम स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं प्रदान की ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## शादी समारोह से लौटते समय हुआ हादसे का शिकार

**जबलपुर यश भारत।** आज सुबह गोसलपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए एक सड़क हादसे में 35 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गई दुर्घटना की सूचना जैसे ही आसपास के ग्रामीणों को लगी तो घटनास्थल पर कुछ ही देर में काफी भीड़ जमा हो गई मौजूद लोगों द्वारा इस दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्यवाही के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए दुर्घटना की पड़ताल शुरू कर दी है/ आज तड़के 6ः00 बजे हुई सड़क दुर्घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मझगवा निवासी 35 वर्षीय अर्जुन चौधरी पिता बुद्धू चौधरी बाइक में सवार होकर गोसलपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत इमलिया गांव में अपने किसी रिश्तेदार के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया हुआ था वहां से वह पत्नी एवं बच्चों को लेकर घर जाने वाला था किलो कारणों बस बच्चे व उसकी पत्नी शादी समारोह वाले घर में ही रुक गए और वह सुबह बाइक में सवार होकर अपने घर मझगवा जाने के लिए निकला हुआ था वह जैसे ही सिलुया ग्राम के पास पहुंचा ही था कि किसी अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसे जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे उसकी दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई मार्ग के किनारे मृत अवस्था में पहले युवक को जब लोगों ने देखा तो उनके द्वारा इस दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मर्ग कायम कर दुर्घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

# 105 रेल कर्मचारी सेवानिवृत्त

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल पर 105 रेल कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। मंडल रेल प्रबंधक संजय विस्वास के मार्गदर्शन में अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के निर्देषानुसार इस माह सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का निपटारा ॥ऋऋस्र माड्यूल से किया गया। इस माह सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंतिम निपटारा राशि का भुगतान एन.ई.एफ.टी. से माध्यम से किया गया। इस अवसर पर वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी श्री सुप्रकाश, वरि. मंडल वित्त प्रबंधक अभिराम खरे, सहायक कार्मिक अधिकारी अभय कुमार गुप्ता एवं सहायक मंडल वित्त प्रबंधक एस एस तोमर के अलावा कार्मिक एवं लेखा विभाग के कर्मचारी का सहयोग रहा। जबलपुर मंडल से सेवानिवृत्त हो रहे समस्त कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की हम कामना करते है एवं उन्हें भविष्य में सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगें।

# 3 जोड़ी इंटरसिटी ट्रेन को शुरू किये जाने की तैयारी

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर से चलने वाली 3 जोड़ी इंटरसिटी ट्रेन को शुरू किये जाने की तैयारी है. इसकी रूपरेखा इस प्रकार बनाई गई है कि यह इटारसी से चलकर जबलपुर, कटनी होकर बीना पहुंचे, ताकि वहां पर मैमू शेड में उसका मेंटेनेंस हा सके. इसके साथ ही जबलपुर स्टेशन के डेवलपमेंट का कार्य भी जल्दी ही पूरा होने वाला है, जिससे यह स्टेशन पूरे जोन में एक प्रमुख स्टेशन के रूप में नजर आएगा. इस आशय की बात मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस पत्रकार वार्ता में श्री विश्वास ने बताया कि जबलपुर मंडल द्वारा 4 जोड़ी पैसेंजर गाडियों के बदले में मेमू ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है इस संबंध में मंडल ने मुख्यालय को पत्र लिखा है और जल्दी ही मेमू ट्रेन भी इस मंडल में नजर आएंगी.श्री विश्वास ने बताया कि मंडल द्वारा राजस्व में निरंतर वृद्धि की जा रही है इस जून माह में इस मंडल को लगभग 145 करोड रुपए माल भाड़ा से प्राप्त हुआ है, जबकि अन्य स्त्रोतों से आय लगभग ढाई करोड़ों रुपए की हुई है. इस दौरान मंडल द्वारा 55 मिलियन टन माल का लदान किया गया है. उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए भी मंडल में अनेक कार्य किए गए हैं इसके तहत मंडल के सलैया, असलाना तथा पटवारा स्टेशनों पर पैदल पुल का निर्माण



किया गया है इसके साथ ही मालखेड़ी बीना, रीठी हरदुआ तथा न्यू कटनी जंक्शन से कटनी खुर्द के बीच रेलवे लाइन पर एन आई कार्य के तहत डबल रेल लाइन बिछाने का कार्य किया गया है.इसी तरह कटनी सिंगरौली खंड पर ऑन लाइन मैनेट्रिंग आफ रोलिंग स्टॉक की स्थापना की गई है जिसके द्वारा रेलगाडि?ों के व्हील की खराबी का निरीक्षण किया जाता है और खराबी पाई जाने पर इस सिस्टम द्वारा एक अलार्म के माध्यम से मैसेज कंट्रोल ऑफिस में आता है जिससे कि इस तकनीकी खराबी को अगले स्टेशन पर दुरुस्त करके ट्रेन को सुरक्षित रूप से चलाया जाता है.श्री विश्वास ने बताया कि मंडल के नरसिंहपुर, सिहोरा, बागरा तवा स्टेशन स्टेशन में टावर वैगन शेड बनाए गए हैं, जिनके द्वारा कहीं पर भी आवश्यकता पडने़ पर टावर वैगन को अतिशीघ्र भेजा जा सकता है, इसके साथ ही सेक्शन में लिमिटेड हाइट्स निर्माण भी जनता के आवागमन की सुविधा के लिए जा रहे हैं उन्होंने बताया कि मंडल में कोरोना टीकाकरण का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है और बड़ी संख्या में लोग इस सुविधा के तहत मंडल में अभी तक लगभग 6 हजार लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव की वैक्सीन लगाई जा चुकी है.श्री विश्वास ने बताया कि जून माह में जबलपुर रेल मंडल के टिकिट चेकिंग की टीम ने एक ऐतिहासिक कार्य किया है जिसके तहत मंडल में लगभग एक लाख 10 हजार यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया है और उनसे 8 करोड़ 70 लाख रुपए जुर्माना वसूल किया है. इसी तरह रेल सुरक्षा बल ने भी पिछ्ले 6 माह में 99 बच्चों को रेलवे स्टेशन पर लावारिश घूमते हुए पाकर उन्हें अपने सुरक्षा में लिया है तथा इन लावारिस बच्चों के पुनर्वसन हेतु आवश्यक कार्रवाई की है. इसी तरह सुरक्षा बल ने गत माहों में एक करोड़ रुपए हवाला के रूप में ले जाते हुए स्टेशन पर यात्रियों से जब्त किए हैं. मंडल को हरियाली की ओर ले जाने के लिए भी रेलवे द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं जिसके तहत इस वर्ष डेढ़ लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है इसके तहत 25000 पौधे लगाए जा चुके हैं .जल संरक्षण के प्रयास मंडल द्वारा किए जा रहे हैं वर्षा के जल को रोकने के लिए भूमि में हार्वेस्टिंग के माध्यम से जल को भूमि में भेजा जा रहा है।

**बुक एंड बैगेज स्कीम हो रही शुरू।**

जबलपुर रेल मंडल द्वारा एक नई योजना बुक एंड बैगेज भी शुरू की जा रही है जिसके तहत कोई भी व्यक्ति अपने घर से रेलवे के नंबर पर फोन करके अपने बैग लगेज को कहीं भी भेजने के लिए रेलवे के सुपुर्द कर सकता है . इसी तरह रेलवे द्वारा मंडल के 12 प्रमुख स्टेशनों पर वाहनों के प्रदर्शन की भी व्यवस्था की गई है जिसके तहत स्टेशनों पर शोकेस बनाकर वाहन निर्माता कंपनी या डीलर अपने वाहनों का प्रचार प्रसार क्षेत्र में कर सकते हैं.।

पत्रकार वार्ता में अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक गुप्ता, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन, वरिष्ठ मंडल अभियंता संजय यादव आदि भी उपस्थित थे.

### ब्राह्मण समाज सिहोरा की बैठक आयोजित

**सिहोरा।** ब्राह्मण समाज सिहोरा कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन समाज के मंत्री सुरेन्द्र तिवारी के मिस्पा मिशन मार्ग पर स्थित निवास में अध्यक्ष राकेश पाठक की अध्यक्षता में किया गया। भगवान परशुराम की पूजा अर्चना के बाद प्रारम्भ हुई बैठक में आजीवन सदस्यता अभियान चलाने के साथ इसी माह से प्रारम्भ हो रहे श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को शिवमंदिर बाबाताल में पार्थिव शिवलिंग निर्माण कराने के संबध में चर्चा की।

### सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।



## रेलवे सफाई ठेका कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर महादलित परिसंघ ने रेल प्रशासन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** रेलवे स्टेशन जबलपुर में सफाई कर्मचारियों का पुराना ठेका समाप्त होने के पश्चात नये ठेकेदार की मनमानी और अड़ियल रवैए के खिलाफ आज रेलवे स्टेशन जबलपुर में सफाई कर्मचारियों ने आज महादलित परिसंघ के जिला अध्यक्ष शशिकांत राना के नेतृत्व में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन से मुलाकात कर एक सौंपा गया, ज्ञापन में मांग की गई कि विगत 8 साल से कार्यरत सफाई महिला कर्मचारियों को नये ठेकेदार ने रखने से इंकार कर रहा है, जबकि ट्रेनों एवं प्लेटफार्म पर महिला सफाई कर्मचारियों की बेहद आवश्यकता होती है, महिला सफाई कर्मचारियों ने बताया कि विगत 8 वर्षों से उनके द्वारा सफाई ठेका के अंतर्गत काम किया जा रहा है और अब तक किसी भी प्रकार से कोई अनियमितताएं नहीं की गई नए ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही है यही नहीं नए ठेकेदार ने महिला कर्मचारियों को अपने पास काम पर रखने से इंकार कर दिया है जिससे महिला सफाई कर्मचारियों के सामने आर्थिक रोजी-रोटी का संकट आन खड़ा हो गया , जिसके खिलाफ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया और महिलाओं को रोजगार से वंचित न किया जाए जाए ग्यापन दिया गया, महादलित परिसंघ के शशिकांत राना, गुरदास बड़गैया हर्षकांत राना, मोहन कलसिया, राजेंद्र पराग, एवं संजय राणा सहित महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि उनके साथ अन्याय होता है तो वह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सफाई कर्मचारियों ने नये ठेकेदार के अड़ियल रवैया के खिलाफ काम बंद करने का मन बनाया है।

# सुनील फाटक प्रांतपाल एवं अखिल मिश्र महासचिव

## मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा के रोटरी क्लबों की कमान संभालेंगे



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा के रोटरी क्लबों का नेतृत्व प्रांतपाल के रूप में सुनील फाटक तथा महासचिव के दायित्व में अखिल मिश्र आगामी 1 वर्ष के लिए सम्हालेंगे। भारतवर्ष की रोटरी के लिए यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि रोटरी सत्र 1 जुलाई 2021 से 30 जून 2022 के रोटरी अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष कोलकाता भारत से ही शेखर मेहता हैं जिनके नेतृत्व में विश्व की संपूर्ण रोटरी कार्य करेगी। भारत सदस्यता के संदर्भ में विश्व में दूसरे स्थान पर है एवं आगामी सत्र में पहले पायदान पर पहुंचाने का संकल्प लेने वाले शेखर मेहता जी ने च्ईच वन ब्रिंग वनज्ञ का दृष्टिकोण देकर सदस्यता अभिवृद्धि का लक्ष्य रखा है जिसके लिए तीनों राज्यों में 25 नए क्लबों का निर्माण किया जाएगा साथ ही अधिक से अधिक लोगों को रोटरी में जोड़ा जावेगा। 10 वर्षों बाद जबलपुर को यह नेतृत्व प्राप्त हुआ है अतः जबलपुर में कोविड-19 महामारी को देखते हुए यहां रोटरी द्वारा बड़े प्रोजेक्ट लगाने का तय किया गया है रोटरी क्लब जबलपुर साउथ के प्राथमिक सदस्य के रूप में तीनों राज्यों के सर्वोच्च पद पर आसीन होते हुए आप दोनों ने पीड़ित मानवता की सेवा को ही सर्वोपरि रख सत्र के ध्येय वाक्य सेवा से बदलें जीवन को यथार्थ में चरितार्थ करने का दृढ़ निश्चय करते हुए चिकित्सा, शिक्षा, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य को प्राथमिकता बताया। राज्यसभा सांसद पूर्व प्रांतपाल विवेक तंखा, डॉ जीपी मिश्र, डॉ जितेंद्र जामदार, बलदीप सिंह मैनी, डॉ राजेश धीरावाणी, अरुण कांत अग्रवाल, अरुण गुप्ता, दीपक जैन, निर्मल परिहार, अंजू भार्गव, अखिलेश बादशा, पीआर मिश्र, उत्तम माहेश्वरी, सुबोध जैन, अभय विश्नोई, उमेश गुलाटी, प्रमोद वैश्य, अमरेंद्र नारायण, आर पी अग्रवाल, एसके गुप्ता, डॉ संजीव चौधरी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।





# मीरा राजूपत ने खास गिफ्ट के लिए किया धन्यवाद





बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजूपत कपूर भले से फिल्मी लाइम लाइट से काफी दूर हो लेकिन सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर परिवार के सदस्य और अपने दोनों बच्चों के साथ फोटोज शेयर करती रहती हैं।

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजूपत कपूर भले से फिल्मी लाइम लाइट से काफी दूर हो लेकिन सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर परिवार के सदस्य और अपने दोनों बच्चों के साथ फोटोज शेयर करती रहती हैं। जो सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं। अब उन्होंने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो शेयर किया। मीरा राजपूत कपूर ने अपनी इंस्टा. स्टोरी पर फोटो शेयर कर बताया कि अभिनेत्री अनन्या पांडे ने उन्हें दालचीनी रोल गिफ्ट किया था और इसके लिए उन्होंने फोटो शेयर उनका आभार भी जताया है। फोटो को इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर कर अभिनेत्री का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कैप्शन लिखा, 'मीड नाइट में दालचीनी रोल जैसा कुछ नहीं हो सकता।' मीरा के इस फोटो को उनके फैंस सोशल मीडिया पर दिल खोलकर लाइक कर रहे हैं। साथ ही अनन्या की जमकर तारीफ कर रहे हैं। साथ ही मीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक और तस्वीर शेयर की है, जिसमें वो मुस्कुराती दिख रही हैं। ये फोटो उनके घर की ओर से दिखने वाले समुंद्र की साइड से क्लिक किया गया है। फोटो में वो स्पैक्डी और ट्राउजर में मुस्कुराते हुए पोज देती दिख रही हैं। इस फोटो को इंस्टा. स्टोरी पर शेयर कर उन्होंने कैप्शन लिखा, 'वेक अप।' हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर देवर ईशान खट्टर के साथ तस्वीर शेयर की थी, जिसमें वो उन्हें हग करती दिख रही हैं। इस फोटो में ईशान व्हाइट कलर की टी-शर्ट और हेडगियर पहने कूल लुक में नजर आ रहे हैं। तो वहीं उनकी भाभी ट्रेडिशनल सलवार सूट में दिखाई दे रही हैं। दोनों की इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया गया था।



अनन्या पांडे

# फैंस से मदद मांग रही रिया चक्रवर्ती





नई दिल्ली। बॉलीवुड के दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले के बाद अब अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती धीरे-धीरे सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने लगी हैं। वह फैंस के लिए तस्वीरें और वीडियो भी साझा करती रहती हैं। अब रिया चक्रवर्ती ने सोशल मीडिया पर लोगों से मदद मांगी है। दरअसल उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में उन्होंने जनीश नाम के बच्चे के लिए मदद की गुहार लगाई है। वीडियो में रिया चक्रवर्ती फैंस से कहती हैं, %आज मैं आप लोगों के मदद मांगना चाहती हूं।% इसके बाद वह जनीश की तबीयत के बारे में बताती हैं। इस वीडियो में रिया चक्रवर्ती जनीश के इलाज के लिए फैंस से आर्थिक मदद करने की अपील कर रही हैं। इस वीडियो को साझा करते हुए उन्होंने पोस्ट भी लिखा है। रिया चक्रवर्ती ने अपने पोस्ट में लिखा, %कृपया जनीश की मदद करें, एक साल के जनीश को एसएमए टाइप-1 है, जो एक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी है जो आमतौर पर 2 साल की उम्र से पहले बच्चों को मार देती है और इसे केवल जोलगेन्स्मा से ठीक किया जा सकता है, जिसकी कीमत 16 करोड़ रुपये (2.1 मिलियन अमरीकी डालर) है। अंतिम उपाय के रूप में, उसके माता-पिता ने एक अनुदान संचय शुरू किया है। कृपया उनकी जान बचाने के लिए यथासंभव मदद करें। सोशल मीडिया पर रिया चक्रवर्ती का यह पोस्ट और वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेत्री के फैंस और तमाम सोशल मीडिया यूजर्स उनके वीडियो को पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर रहे हैं। आपको बता दें कि रिया चक्रवर्ती गुरूवार को अपना 29वां जन्मदिन मना रही हैं। उनका जन्म 1 जुलाई, 1992 को बेंगलुरू में हुआ था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत रियलिटी शो से की थी। वहीं बीते साल रिया चक्रवर्ती अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले की वजह से काफी सुर्खियों में रही थीं। उनपर कई गंभीर आरोप भी लगाए थे। इसके बाद उन्हें कुछ समय के लिए जेल में रहना पड़ा था। इस मामले के बाद से रिया चक्रवर्ती लंबे समय तक सोशल मीडिया से दूर रही हैं। हालांकि वह धीरे-धीरे अब अपनी सामान्य जिंदगी में लौट रही हैं और सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहती हैं।

# BCCI ने 2 खिलाड़ियों के लिए की खेल रत्न देने की सिफारिश









## खेल पुरस्कारों के लिए बीसीसीआइ ने लिस्ट भेजी है

नई दिल्लीभारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ ने खेल पुरस्कारों के लिए खिलाड़ियों की सिफारिश कर दी है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने खेल रत्न के लिए 2 और अर्जुन पुरस्कार के लिए तीन खिलाड़ियों के नाम केंद्र सरकार को भेजे हैं। बीसीसीआइ ने जिन खिलाड़ियों के नाम खेल रत्न के प्रस्तावित किए हैं, उनमें एक महिला खिलाड़ी भी शामिल है, जबकि खेल रत्न के लिए एक दिग्गज क्रिकेटर को भी चुना है। वहीं, तीन पुरष भारतीय खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड की लिस्ट में शामिल किया गया है। हाल ही में केंद्रीय खेल मंत्रालय ने नए खेल पुरस्कारों के लिए नाम मांगे थे। बीसीसीआइ ने खेल रत्न के लिए भारतीय महिला टीम की कप्तान और महान महिला खिलाड़ी मिताली राज और भारतीय पुरुष टेस्ट टीम के दिग्गज स्पिनर आर अश्विन को चुना है, जबकि अर्जुन अवॉर्ड के लिए हाल ही में श्रीलंका दौरे के लिए टीम इंडिया के कप्तान नियुक्त किए गए शिखर धवन, ओपनर बल्लेबाज केएल राहुल और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नाम को भेजा है। हालांकि, ये नाम प्रस्तावित हैं और क्या ये खिलाड़ी इन पुरस्कारों के योग्य है, इसका फैसला खेल पुरस्कारों की कमेटी को करना है।

## खेल पुरस्कारों के लिए क्रिकेटरों की लिस्ट

## खेल रत्न - मिताली राज और आर अश्विन

अर्जुन अवॉर्ड - शिखर धवन, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह

अभी खेल संघ अपने खिलाड़ियों के नामों की सिफारिश करेंगे और खेल मंत्रालय की आखिरी रजामंदी के बाद खिलाड़ियों को ये खेल पुरस्कार दिए जाते हैं। हालांकि, इससे पहले एक लंबी प्रक्रिया इन पुरस्कारों के लिए चलती है। यही कारण है कि जून के आखिर में ही नामों की सिफारिश की जा रही है।

राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कारों की बात करें तो ये सिर्फ अभी तक चार ही क्रिकेटरों को मिला है। इनमें सचिन तेंदुलकर, एमएस धौनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा का नाम शामिल है। तेंदुलकर को साल 1998, धौनी को साल 2007, विराट को 2018 और रोहित को पिछले साल 2020 में खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अगर मिताली राज को इस साल ये सम्मान मिलता है तो वे खेल रत्न पाने वाली देश की पहली महिला क्रिकेटर बन जाएंगी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी सुनील छेत्री के नाम की सिफारिश राजीव गांधी खेल रत्न अवॉर्ड के लिए की है। एक अधिकारी ने कहा है कि इस संबंध में आवश्यक दस्तावेज जल्द ही जमा कर दिए जाएंगे।



# टीम इंडिया को इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से पहले झटका, गंभीर चोट की वजह से ओपनर हो सकता है बाहर




नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद अब इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलना है। सीरीज की शुरुआत से पहले टीम इंडिया के लिए चिंताजनक खबर आई है। जानकारी के मुताबिक टीम के ओपनर शुभमन गिल चोटिल हो गए है और उनके पहले मैच में खेलने पर संशय पैदा हो गया है। 4 अगस्त से नॉटिंघम में दोनों देशों के बीच पहला टेस्ट खेला जाना है। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज की शुरुआत 4 अगस्त से हो रही है। इस मैच से पहले टीम इंडिया के युवा ओपनर शुभमन गिल के चोटिल होने की खबर सामना आ रही है। एक क्रिकेट वेबसाइट की रिपोर्ट के मुताबिक उनकी चोट इतनी गंभीर है कि अगले एक महीने के लिए क्रिकेट के मैदान से बाहर रहना पड़ सकता है। खबरों की माने तो शुभमन को काफ इंजरी हुई है जो हैम्स्ट्रिंग भी हो सकती है। नॉटिंघम टेस्ट में रोहित शर्मा के साथ शुभमन की जगह मयंक अग्रवाल या केएल राहुल को मौका दिया जा सकता है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में मयंक ने ही रोहित के साथ लगातार भारतीय टीम के लिए पारी की शुरुआत की थी। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गिल को पारी की शुरुआत करने का मौका दिया गया था। तब से इंग्लैंड और फिर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उन्होंने रोहित के साथ ओपनिंग की थी। भारत को 4 अगस्त से 8 अगस्त के बीच नॉटिंघम में पहला टेस्ट मैच खेलना है। इसके बाद टीम 12 अगस्त से 16 अगस्त के बीच लॉर्ड्स में दूसरा मुकाबला खेलेगी। तीसरे मुकाबले में दोनों टीमें लीड्स में 25 अगस्त से 29 अगस्त के बीच आमने सामने होंगी। 2 सितंबर से 6 सितंबर के बीच लंदन में दोनों टीमों के बीच चौथा मैच खेला जाएगा। 10 सितंबर से 14 सितंबर के बीच दोनों टीमें मैनचेस्टर में सीरीज के आखिरी मैच में खेलने उतरेगी।

# ओमान का सपना होगा पूरा, मिली T20 वर्ल्ड कप की मेजबानी

नई दिल्ली। ओमान अगले तीन महीनों में आगामी टी20 विश्व कप आयोजित करने की अपनी तैयारी पूरी कर लेगा, क्योंकि इसे टूर्नामेंट के लिए संयुक्त स्थल भागीदार के रूप में मौका मिला है।17 अक्टूबर से 14 नवंबर, 2021 तक आयोजित होने वाला, यह आयोजन ओमान और पड़ोसी संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद यानी आइसीसी ने इसका ऐलान कर दिया है, क्योंकि भारत में कोरोना वायरस के कारण इसे शिफ्ट किया गया है। एक तरह ओमान का सपना साकार हो गया है। ओमान और यूएई के लिए टी20 विश्व कप के आयोजन स्थल के अधिकार से सम्मानित होना एक ऐतिहासिक अवसर है। ये दोनों देश विश्व कप आयोजित करने वाले पहले सहयोगी क्रिकेट खेलने वाले देश बन गए हैं। ओमान क्रिकेट एसोसिएशन (ओसीए) के अध्यक्ष पंकज खिमजी के अनुसार, टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत अब शुरू होती है। बता दें कि ओमान की टीम भी अपने यहां बड़ी-बड़ी टीमों से दो-दो हाथ करेगी, जिसमें श्रीलंका और बांग्लादेश जैसी टीमें भी शामिल हैं। इन टीमों को लीग स्टेज में पहुंचने के लिए क्वालीफायर्स खेलने होंगे। पंकज खिमजी ने टाइम्स ऑफ ओमान से बात करते हुए कहा, ÷यह निश्चित रूप से हमारे लिए एक महान दिन है ... यह वास्तव में ओमान में क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। आइसीसी की ओर से आधिकारिक संदेश आया है और हम बहुत खुश हैं कि अब हम इस तरह के एक हाई-प्रोफाइल इवेंट को यहां ला सकते हैं। मुझे लगता है कि यह सच है कि यह ओमान और यूएई दोनों के लिए एक इतिहास बनाने वाला अवसर है-यह पहली बार है जब किसी सहयोगी स्तर के क्रिकेट देश को विश्व कप आयोजित करने का मौका दिया गया है। उन्होंने आगे कहा, अब असली कड़ी मेहनत शुरू होती है हम आईसीसी से मिले हैं और उनकी मांगों की एक सूची है, लेकिन अब हमें बीसीसीआइ (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) से मिलने की जरूरत है और देखें कि उनकी जरूरतें क्या हैं। हम बीसीसीआइ और आइसीसी की जरूरतों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। ओमान निश्चित रूप से अक्टूबर में सभी टीमों, अधिकारियों और मीडिया का बहुत गर्मजोशी से स्वागत करेगा।





# 2 हजार की रिश्वत लेते रोजगार सहायक सचिव ,साथी ट्रेप

## पीएम आवास योजना की तीसरी किस्त जारी करने में मांगे थे रूपए लोकायुक्त ने की कार्रवाई

**जबलपुर, यशभारत।** प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किस्त जारी करने के एवज में दो हजार की रिश्वत मांगना रोजगार सहायक सचिव और उसके साथी को उस वक्त मंहगा प? गया जब लोकायुक्त ने रंगे हाथ उसे रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया ।लोकायुक्त पुलिस को ढीमरखे?ा कटनी के ग्राम पंचायत पचपे?ी.पकरिया गांव निवासी कालीचरण लोधी ने शिकायत की थी कि रोजगार सहायक सचिव कमलेश कुमार मेहरा और भागचंद्र चक्रवती पीएम आवास योजना की तीसरी किस्त जारी करने की आ? में दो हजार रूपए मांग रहे हैं। लोकायुक्त ने फरियादी की शिकायत पर पूरी योजनाबद्ध तरीके से फरियादी को रोजगार सहायक सचिव और उसके साथी के पास दो हजार रूपए लेकर भेजा। जैसे ही फरियादी ने रोजगार सहायक सचिव को दो हजार रूपए उसी वक्त पीछे से लोकायुक्त टीम के उप पुलिस अधीक्षक जे पी वर्माए निरीक्षक स्वप्निल दास निरीक्षक भूपेंद्र कुमार दीवान, आरक्षक अमित मंडलए विजय सिंह बिष्ट, अंकित दाहियाए दिनेश दुबेए राकेश विश्वकर्मा ने दबिश देते हुए रोजगार सहायक सचिव और उसके साथी को रिश्वत के पैसों के साथ दबोच लिया।


सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक
डॉ. मनीष तिवारी
M.B.B.S., MD, DM Gastroenterology Member of American college of Gastroenterology Consultant Gastroenterologist, Shailby Hospital Super Speciality Gastro & Liver Clinic Jabalpur
उपचार की सुविधायें
■ पेट में लंबे समय से तकलीफ
■ लिवर से संबंधित बीमारियां
■ पेंक्रियाज से संबंधित बीमारियां
■ पाचन से जुड़ी हुई परेशानियां
पता सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक उखरी तिराहा, विजयनगर, जबलपुर
परामर्श के लिये संपर्क करें- 8085257585, 0761-4004867




# जीवनदायिनी ने ही छोड़ दिया साथ

**जबलपुर, यशभारत।** कहते है मां से बढ़कर इस दुनिया में कोई नहीं है, मां ही सब कुछ है इसलिए तो मां को भगवान का दर्जा दिया गया है। परंतु जबलपुर के अधारताल में यह कहावत झूठी साबित हुई। अधारताल तालाब के पास 7 दिन की लाड़ली रोती.बिलखती हुई मिली। मॉर्निंग वॉक में पहुंचे लोगों की नजर जब लाड़ली पर पड़ी तो उनके रोंगटे खड़े हो गएए तत्काल नवजात को एल्गिन अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुबह सुबह उस वक्त ह?कंप मच गयाए जब अधारताल थाना अंतर्गत आने वाले अधारताल तालाब परिसर स्थित विसर्जन कुंड के समीप खाली जगह में नवजात शिशु रोते हुए अधारताल विकास समिति के सदस्य देवेंद्र जायसवालए संजय पाटकरए पूर्व पार्षद प्रदीप यादव, मोनू केवट, आतिश केवट, हैप्पी केवट, शिवम चौरसिया, सोनू केवट को दिखाई दी। जिसके बाद इन्होंने तत्काल में 100 डायल पुलिस को सूचना दी। फिर उस करीब एक सप्ताह की जन्मी बच्ची को बेहतर उपचार के लिए एल्गिन अस्पताल में भर्ती करवा दिया। जहां पर उसका उपचार शुरू हो गया है।

## चालिस की उम्र में हो आवश्यक जांचें: डॉ. कावेरी शाह पटेल



आज के दौर में जहां महिलाएं क्षेत्र में अग्रणी है। अत: हमारी यही अपेक्षा है के स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी स्वयं का ध्यान रखें एवं नियमित जांचों पर ध्यान दें। चालिस उम्र ऐसी है जब महिला के जीवन में अनेक बदलाव आना शुरू हो जाते हैं। अनियमित माहवारीए सूखापन चिड़चिड़ापन और वर्तमान में होने वाली विभिन्न बीमारियां जैसे बीपी शुगर थायराइड की घटना अधिक होना। ऐसे में आवश्यक है की हम अपने विशेषज्ञ से प्रतिवर्ष एक सालाना जांच अवश्य कराएं। बीपी शुगर थायराइड किडनी और लिवर की जांच के अलावा अहम जांचें जांचें स्तन कैंसर के रोकथाम हेतु स्तन की जांच मैमोग्राफी सोनोग्राफी इत्यादि करवाना एवं गर्भाशय ग्रीवा की कैंसर की प्रारंभिक लक्षणों को समय से पूर्व पता लगाने वाली विभिन्न पद्धतियों जैसे कॉल्पोस्कोपी ए एच पी वी डीएनए टेस्टिंगए पेट स्मीयर जैसी साधारण सी जांच अवश्य कराना चाहिए ताकि स्वास्थ्य में होने वाले उतार.चढ़ाव के साथ यदि किसी हयात बीमारी की संभावना बन रही हो तो उसे समय रहते पता लगाया जा सके। महिलाएं बेझिझक स्त्री रोग विशेषज्ञ से परामर्श कर स्तन कैंसर हेतु एवं ग्रीवा कैंसर हेतु पेप स्मीयर और कोलपोस्कोपी की सुविधा ले सकती है।

# आधुनिक तकनीक के साथ डेंटल केयर त्रिवेदी डेंटल क्लीनिक में मिल रहे उपचार के बेहतर विकल्प



जबलपुर राइट टाउन गौ माता चौक के पास त्रिवेदी डेंटल क्लिनिक में शहर वासियों के लिए डेंटल केयर का बेहतरीन विकल्प है वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अश्विनी कुमार त्रिवेदी सन 1990 से लोगों की सेवा में अग्रणी है महाकौशल के साथ-साथ देश-विदेश के असंख्य मरीजों के असाध्य रोगों का उपचार किया है दर्द रहित दंत चिकित्सा एवं चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगाए हैं।

**लेजर सर्जरी-**
अनुभवी चिकित्सक डॉ अश्विनी द्वारा पायरिया, छाले, गठान, मसूड़ों आदि का लेजर सर्जरी तकनीक से दर्दरहित उपचार किया जाता है।

**ब्रेसिस-**
इसके द्वारा टेढ़े-मेड़े, बड़े दोतों को पंक्तिबद्ध कर आकर्षक रूप दिया जाता है।

**अमेरिकन मशीन ब्लीच-**
दांतों में जमा पीलापन, मटमैले, बदरंग दांतों को अमेरिकन मशीन से डेढ़ मिनट में चमका दिया जाता है।

**जिरकोनिया-**
इसके द्वारा ब्रिज व क्राउन लगाया जाता है।

**रूट केनाल-**
दोतों में कीड़े लगना, दाढ़ का खोखला होना जैसे तमाम परेशानियों में रूट केनाल ट्रीटमेंट से छुटकारा मिल जाता है।

**इम्प्लांट-**
इस पद्धति से फिक्स दांत लगाकर आप पूर्व की भांति खाना खा सकते हैं।




NABH एवं NABL द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सालय
जबलपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
SUPER SPECIALITY TREATMENT FACILITIES
● कार्डियोलॉजी–एंजियोग्राफी, एंजयोप्लास्टी ● बायपास सर्जरी
● ओरल एण्ड मेक्सिलोफेशियल सर्जरी ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरो सर्जरी
● यूरो सर्जरी ● पीडियाट्रिक एवं नियोनेटोलॉजी ● ऑन्कोलॉजी
● गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी ● दुर्घटना एवं अपघात निदान– ट्रॉमा केयर
● नेफ्रोलॉजी– हीमोडायलिसिस ● ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी
● हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी ● क्रिटीकल केयर ● लेप्रोस्कोपिक ग्रेस्ट्रो सर्जरी
● इंडोक्रायनोलॉजी ● ग्रेस्ट्रोइन्ट्रोलॉजी ● पलमोनरी मेडीसिन ● हाई रिस्क प्रसूति
प्रवेश प्रारंभ (ADMISSION OPEN)
कॉलेज ऑफ नर्सिंग जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस
GNM, B.Sc. (Nursing), P.B.Sc., M.Sc.(Nursing)
अग्रसेन मंडपम के पास, कचनार सिटी रोड, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर
Ph: 8269045001, 8269065001, 7869135658 Web.: www.nursingcollegejihs.com, E-mail: jihs25jabalpur@gmail.com
ऑनलाइन एडमिशन हमारी वेबसाइट www.nursingcollegejihs.com पर उपलब्ध
महाकौशल का प्रथम कॉस्मेटिक गायनेक सेंटर
जबलपुर कॉस्मेटिक गायनोकॉलोजी सेंटर
अब चिंता ना करें !
प्रसव पश्चात एवं मेनोपॉस के समय योनी का ढीलापन
खांसते या छींकते समय पेशाब का निकल जाना
लाइलाज कठिन श्वेत प्रदर (सफेद पानी)
इस तरह की समस्या से पीड़ित महिलायें संपर्क करें।
अत्याधुनिक लेजर द्वारा दर्द रहित इलाज की सुविधा

डॉ. अमिता सक्सेना
स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉ. ऋचा धीरावानी
स्त्री रोग विशेषज्ञ
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 93001 08912, 73547 77754, 79879 05551
दूसरी मंजिल, फेज 3 बिल्डिंग, जबलपुर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, रसल चौक, जबलपुर (म.प्र.)– 482001
रसल क्रॉसिंग, नेपियर टाउन, जबलपुर- 482002 म.प्र.
फोन: 0761-4026000, 2450761-62, फैक्स: 0761-4036343, टोल फ्री नं. 18002332450
Email- jhrc_hrd@yahoo.co.in, Website- www.jabalpurhospital.com



मध्य भारत का प्रथम NABH से मान्यता प्राप्त नेत्र अस्पताल
जनज्योति सुपर स्पेशलिटी नेत्र अस्पताल
Authorised (अधिकृत): कैशलैश मेडीक्लेम CGHS, CSMA, ESIC, ECHS, BSNL, ICMR
ब्लेड फ्री फेमटो सेकेण्ड लेजर मोतियाबिंद ऑपरेशन
VICTUS: 1ST Central India
■ मोतियाबिंद का इलाज अब मिनिटों में
■ IOL Masters: IOL के पॉवर ज्ञात करने की सबसे आधुनिक मशीन
■ बॉश एण्ड लम्ब जर्मनी एवं यू.एस.ए. से अधिकृत केन्द्र
■ सबसे आधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर सुपर स्पेशलिस्ट नेत्र विशेषज्ञ टीम द्वारा नेत्र रोगों का उपचार
■ नवीनतम अल्ट्रासाउंड तकनीक द्वारा सबसे तेज (1.7 मिलियन कट प्रति मिनिट) विट्रेक्टॉमी तकनीक
■ रेटीना की क्रांतिकारी नेत्र चिकित्सा
अंतर्राष्ट्रीय स्तर की नेत्र चिकित्सा
डॉक्टर्स डे की बधाई

डॉ. पवन स्थापक
USFDA द्वारा प्रमाणित
अब चश्मे से आजादी : सबसे आधुनिक तकनीक से फेमटो सेकेण्ड लेजर द्वारा : ब्लेड फ्री तकनीक
बिना ब्लेड से चीरा लगाये वास्तविक दर्द रहित
सीधा सम्पर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मो. 9754601010
1051, गोल बाजार, केशरवानी कॉलेज के पास जबलपुर
फोन : 0761-2404608, 4007033, 9165108121



योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
सीमित स्थान
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
प्रवेश प्रारंभ
नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
B.Sc. NURSING 4 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM 3 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Railway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
उपलब्ध विशेष सुविधाएँ-
• शत् प्रतिशत रिज़ल्ट • कोर्स पूरा होते ही जॉब
• अपने स्वयं के जामदार अस्पताल, त्रिवेणी हेल्थ केअर, जिला चिकित्सालय, CHC, PHC, शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में क्लीनिकल प्रशिक्षण की सुविधा
• उच्च प्रशिक्षित व दक्ष टीचिंग स्टॉफ द्वारा अच्छी टीचिंग सुविधा
• कॉलेज कैम्पस में ही सर्व सुविधायुक्त हॉस्टल • बस सुविधा
• हिंदी मीडियम के छात्र–छात्राओं के लिए इंग्लिश क्लास की सुविधा
अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के छात्र–छात्राओं को सरकारी नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें।
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
☎ 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133



सेठ मन्नूलाल जगन्नाथ दास ट्रस्ट हॉस्पिटल
सुपर स्पेशलिटी एव मल्टीस्पेशलिटी गहन चिकित्सा पूर्णत: परिवर्तित वातावरण एवं सुविधाओं के साथ
उच्च स्तरीय पेशेन्ट केयर एवं सेफ्टी के लिए अनवरत प्रतिबद्ध
ENTRY LEVEL
हार्ट केयर
✓ ए.एस.डी., व्ही.एस.डी., पी.डी.ए.
✓ पैरावाल्वयूलर लीक डिवाइस क्लोजर
✓ पीडियाट्रिक ईको, पेसमेकर प्रत्यारोपण
✓ रूमेटिक हार्ट डिसिज
✓ एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर प्रत्यारोपण
नेफ्रोलॉजी (किडनी रोग)
✓ सामान्य एवं गंभीर किडनी रोग उपचार
✓ नियमित प्रतिदिन डायलिसिस
✓ डायलिसिस स्वच्छ एवं स्टेयरलाइज्ड वातावरण में
✓ प्रत्येक डायलिसिस बेड में पर्सनलाइज्ड टीवी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत डायलिसिस
घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण
✓ दर्द रहित घुटना, कूल्हा प्रत्यारोपण उच्चस्तरीय इम्प्लांट के साथ
✓ ऑर्थोस्कोपी, स्पोर्ट्स इंजुरी, ट्रामा केयर
रेटिना केयर
✓ मोतियाबिंद का फेको द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन एवं फोल्डेबल लैंस प्रत्यारोपण
✓ डायबिटीज और ब्लड प्रेशर से होने वाली रेटिना की बीमारियों की जाँच एवं उपचार
✓ कांचबिंद (ग्लूकोमा) की जाँच एवं उपचार
न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी
✓ मिनिमल इनवेंसिव एंड एंडोस्कोपिक न्यूरो सर्जरी
✓ एक्सीडेन्ट एवं ब्रेन हेमरेज
जनरल मेडिसिन, डायबिटीज, थॉयराइड विभाग
अनियंत्रित ब्लड प्रेशर, अनियंत्रित डायबिटीज, थॉयराइड रोग, दमा, फेफड़े संबंधित बीमारी, लकवा, लीवर संबंधित बीमारी
● मानक स्तर पर CSSD एवं मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर : जीरो इन्फेक्शन
● आई.सी.सी.यू. एवं सी.सी.यू. में उच्चस्तरीय क्रिटिकल केयर दक्ष इंटेसिविस्ट के मार्गदर्शन में
● पोस्ट बर्न केयर एवं प्लास्टिक सर्जरी
● सीटी स्कैन अत्यंत किफायती दरों पर
कोविड केयर सीनियर सिटीजन वैक्सीनेशन
+ आयुष्मान भारत योजना, स्टार हेल्थ एवं अन्य मुख्य मेडिक्लेम पॉलिसी से कैशलैश अनुबंधित
SHRIRANG
दीक्षितपुरा, जबलपुर फोन: 0761-2650632, 4006716, इमरजेंसी नंबर- 6261764789


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )